Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 102 | रविवार, 17 अप्रैल-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## प्रधानमंत्री का 'ब्लैंक चेक': ले लो क्रेडिट, सरकारी खर्च से आपकी फोटो छपवा देंगे

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जब संसद में महिला आरक्षण से जुड़े विधेयक पर चर्चा में हिस्सा लिया, तो उन्होंने इस आशंका को दूर किया कि परिसीमन के दौरान राज्यों के हिस्से में आने वाली सीटों के अनुपात में कोई बदलाव होगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को इसका श्रेय नहीं चाहिए।

### 'यह पाप से मुक्ति पाने का अवसर है'

उन्होंने कहा, "देश की नारी शक्ति का यह हक है। हमने कई दशकों से इसे रोका हुआ था, अब प्रायश्चित कर उस पाप से मुक्ति पाने का अवसर है। तीन दशक तक आपने इसे रोककर रखा, फिर भी कुछ कर नहीं पाए, तो अब तो करो।"

### शब्दों के खेल की जरूरत नहीं- पीएम मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा, "यह प्रक्रिया किसी के साथ भी भेदभाव या अन्याय नहीं करेगी।

पहले से चले जा रहे अनुपात में कोई बदलाव नहीं होगा। गारंटी कहिए तो गारंटी कहता हूं। वादे की बात करें तो वादा करता हूं। नीयत साफ हो तो शब्दों का खेल करने की जरूरत नहीं है।"

### 'नीयत में खोट की माफी नहीं'

उन्होंने कहा कि हमारे देश में जब से महिला आरक्षण को लेकर चर्चा हुई और उसके बाद जब-जब चुनाव आया है, महिलाओं को मिलने वाले इस अधिकार का जिस-जिसने विरोध किया है, महिलाओं ने उसे माफ नहीं किया है।

नीयत में खोट को देश की नारी शक्ति कभी माफ नहीं करेगी। समय की मांग है कि अब ज्यादा विलंब न हो।

### इससे पहले अखिलेश-शाह के बीच हुई जोरदार बहस

गुरुवार से शुरू हुए संसद के विस्तारित सत्र के पहले दिन जोरदार बहस देखने को मिल रही है। सपा नेता अखिलेश यादव ने कहा कि महिला विधेयक के पक्ष में हैं हम। आपको जल्दीबाजी क्यों है?

आप जनगणना क्यों नहीं कराना चाहते? ये इसलिए नहीं करना चाहते हैं कि जैसे ही जनगणना होगी, हम सब लोग जाति गणना मांगेंगे, जाति की गिनती के बाद हम आरक्षण मांगेंगे। इसलिए धोखा देकर लाना चाहते हैं।

इस पर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, "मैं देश की जनता को बताना चाहता हूं कि जनगणना का काम जारी है। सरकार जाति गणना का निर्णय भी ले चुकी है... अभी घरों की गिनती हो रही है। घरों की कोई जाति नहीं होती।

समाजवादी पार्टी का बस चले तो घरों की भी जाति तय कर दे। जब नागरिकों की जनगणना होगी, तब उसमें जाति का कॉलम रखा है। ये मेरा विभाग है। मैं सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि ये जनगणना जाति के साथ ही होने वाली है।'

### ब्लैंक चेक आपको दे रहा हूं...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "अब कुछ लोगों को लग रहा है कि यह मोदी का राजनीतिक स्वार्थ है? इसका अगर विरोध करेंगे तो स्वाभाविक बात है कि राजनीतिक लाभ मुझे होगा। लेकिन सब साथ चलेंगे तो किसी को भी लाभ नहीं होगा, यह लिखकर ले लो क्योंकि फिर इसका अलग पहलू हो जाता है। हमें क्रेडिट नहीं चाहिए। जैसे ही यह पारित हो जाए, मैं सबका आभार प्रकट करने के लिए तैयार हूं। ...ले लो क्रेडिट। जिसकी फोटो आप (विपक्ष) कहेंगे, हम सरकारी खर्चे से उसकी फोटो छपवा देंगे। सामने से क्रेडिट का ब्लैंक चेक आपको दे रहा हूं।"

## 'बीजेपी का अहंकार तोड़ देंगे', परिसीमन पर गरजे सीएम स्टालिन, जलाई बिल की कॉपी

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने गुरुवार को केंद्र सरकार के प्रस्तावित परिसीमन के विरोध में विधेयक की प्रति जलाकर और काला झंडा फहराकर अपना विरोध और तेज कर दिया और राज्यव्यापी आंदोलन की औपचारिक शुरूआत की। सरकार गुरुवार से संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र बुलाएगी, जिसमें भारत की चुनावी संरचना और प्रतिनिधित्व प्रणाली को नया रूप देने वाले तीन महत्वपूर्ण विधेयकों को पेश किए जाने के कारण हंगामेदार माहौल रहने की आशंका है।

काले वस्त्र पहने स्टालिन ने संविधान (एक सौ इकतीसवें संशोधन) विधेयक, 2026 के विरोध में काला झंडा फहराया, जिसमें राज्य विधानसभाओं और लोकसभा के आकार और संरचना को बदलने के लिए परिसीमन का प्रस्ताव है।

उन्होंने इस विधेयक की एक प्रति भी जलाई, जिसे उन्होंने काला कानून बताया। पर एक पोस्ट में, स्टालिन ने तमिलनाडु भर में व्यापक प्रतिरोध का आह्वान किया। उन्होंने कहा, 'यह प्रतिरोध तमिलनाडु में फैले! फासीवादी भाजपा का अहंकार धराशायी हो जाए!'

अतीत के हिंदी-विरोधी आंदोलनों से तुलना करते हुए, उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के पूर्व प्रतिरोध ने दिल्ली को झुकने पर मजबूर कर दिया था और उन्होंने जोर देकर कहा कि इसी तरह का आंदोलन वर्तमान प्रस्ताव को चुनौती देगा। उन्होंने दावा किया कि यह विधेयक तमिलों को उनकी अपनी भूमि में शरणार्थी बना देगा और कहा कि यह आंदोलन भाजपा के अहंकार को कुचलने के लिए द्रविड़ भूमि में फैलेगा। यह विरोध प्रस्तावित परिसीमन के बढ़ते विरोध के बीच हो रहा है, जो 2011 की जनगणना के आधार पर जनसंख्या-आधारित निर्वाचन क्षेत्रों के संशोधन से जुड़ा है।

केंद्र द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 को लागू करने के लिए मसौदा संशोधन विधेयकों को मंजूरी देने के बाद यह मुद्दा और भी बढ़ गया है। विपक्षी दलों ने चुनाव के मौसम में संसद का विशेष सत्र बुलाने की जल्दबाजी पर भी चिंता जताई है।

## बिंदी या तिलक पर रोक लेकिन हिजाब? लेंसकार्ट ड्रेस कोड पॉलिसी पर विवाद के बाद फाउंडर ने दी सफाई

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** लेंसकार्ट के फाउंडर पीयूष बंसल ने सोशल मीडिया पर कंपनी की ग्रूमिंग पॉलिसी में भाषा की चूक की बात मानी। उन्होंने उस वायरल डॉक्यूमेंट को पुराना बताकर खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि कर्मचारियों को बिंदी या तिलक लगाने की इजाजत नहीं है, जबकि हिजाब और पगड़ी जैसी चीजों की इजाजत थी।

यह विवाद तब शुरू हुआ जब लेंसकार्ट स्टाफ यूनिफॉर्म और ग्रूमिंग गाइड नाम के डॉक्यूमेंट ऑनलाइन वायरल हुआ।

इस डॉक्यूमेंट में कहा गया था कि तिलक और बिंदी की इजाजत नहीं है, जबकि कर्मचारियों को काले रंग की पगड़ी और हिजाब पहनने की इजाजत थी। स्टाइल गाइड के एक और वर्शन में तारीख 2 फरवरी, 2026 थी, जिसमें सिंदूर और कलावा धागे के दिखने पर भी रोक लगाई गई थी।

### पीयूष बंसल ने दी स्पष्टीकरण

बंसल ने साफ किया कि कंपनी ने पिछले कुछ सालों में ग्रूमिंग पॉलिसी में कई बार बदलाव किए हैं और जो वर्शन अभी ऑनलाइन घूम रहा है, वह पुराना है।

उन्होंने एक्स पर लिखा, 'हमारी पॉलिसी में किसी भी तरह के धार्मिक पहनावे पर कोई रोक नहीं है, जिसमें बिंदी और तिलक भी शामिल हैं और हम अपनी गाइडलाइंस की नियमित रूप से समीक्षा करते रहते हैं।'

उन्होंने आगे कहा कि जो डॉक्यूमेंट घूम रहा है, वह कंपनी की मौजूदा गाइडलाइंस को नहीं दिखाता है। उन्होंने लिखा कि एक कंपनी के तौर पर हम लगातार सीखते और आगे बढ़ते रहते हैं।

हमारी भाषा या पॉलिसी में जो भी चूक हुई है या आगे होगी, उसे ठीक किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि इस स्थिति की वजह से जो भी गलतफहमी और चिंता पैदा हुई है, उसके लिए हम माफी मांगते हैं।

दूसरे पोस्ट में उन्होंने साफ किया कि मौजूदा डॉक्यूमेंट एक पुराना अंदरूनी दस्तावेज है, न कि कोई आधिकारिक एचआर पॉलिसी।

## सुरक्षा ही सुशासन की पहली शर्त: सीएम योगी ने गोरखपुर में अत्याधुनिक 'सुरक्षा भवन' का किया उद्घाटन

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**






**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को सुशासन के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि किसी भी राज्य की प्रगति के लिए सुरक्षा सबसे बुनियादी आवश्यकता है। गोरखपुर के श्री गोरखनाथ मंदिर परिसर में एक नए और आधुनिक सुरक्षा भवन का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री ने पुलिस सुधारों और कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर प्रदेश में आए बदलावों को विस्तार से साझा किया।

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में श्री गोरखनाथ मंदिर परिसर में एक आधुनिक सुरक्षा भवन का उद्घाटन करने के बाद संबोधन में कहा, 'सुरक्षा सुशासन की पहली शर्त है। हर व्यक्ति को सुरक्षा की जरूरत होती है। हालांकि सरकारों ने हमेशा इस दिशा में प्रयास किए हैं, लेकिन पहले उनका ध्यान ज्यादातर सिर्फ भर्ती तक ही सीमित रहता था।'

योगी ने कहा कि सिर्फ कर्मियों की भर्ती करना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि उन्हें बेहतर प्रशिक्षण और उचित सुविधाएं दिया जाना भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, 'एक कांस्टेबल, उपनिरीक्षक या कोई भी पुलिस अधिकारी हमारे बीच से ही आता है। उचित प्रशिक्षण और मूलभूत ढांचे की उपलब्धता के बिना वे किसी भी आम नागरिक की तरह ही रहते हैं और अपने कर्तव्यों का प्रभावी ढंग से पालन नहीं कर पाते।'

योगी ने वर्ष 2017 में सत्ता में आने के बाद से प्रदेश में हुए बदलावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब उनकी सरकार सत्ता में आई थी, तब राज्य में पुलिस के आधे से ज्यादा पद खाली थे। उन्होंने कहा कि जहां पहले एक समय में पुलिस कर्मियों के प्रशिक्षण की क्षमता लगभग तीन हजार कर्मियों तक ही सीमित थी, वहीं अब बेहतर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के कारण यह बढ़कर एक साथ लगभग छह हजार कर्मियों तक पहुंच गई है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पहले थानों, चौकियों और बैरकों में रहने की बुनियादी सुविधाओं की कमी थी, जिसके कारण कर्मियों को मुश्किल हालात में रहना पड़ता था।

उन्होंने कहा, 'आज हमने हर पुलिस लाइन में लगभग 200 कर्मियों के लिए रहने की सुविधाएं सुनिश्चित की हैं, जिसमें पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं की गई हैं। इससे कई पुरानी समस्याओं का समाधान हो गया है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर मूलभूत ढांचे, समय पर भर्ती और बेहतर प्रशिक्षण के रूप में मिले-जुले प्रयासों से राज्य में एक ज्यादा सुरक्षित माहौल बना है, जिसने बदले में सुशासन का एक बेहतरीन मॉडल स्थापित करने में अपना योगदान दिया है।

उन्होंने कहा कि गोरखनाथ मंदिर के पास हाल ही में बनी सुरक्षा इमारत एक मिसाल बनेगी और यह इमारत पुलिस अधीक्षक और दूसरे वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड जैसे विशिष्ट बल के जवानों के लिए भी रहने और काम करने की सुविधाएं देगी। योगी ने कहा कि यह मॉडल सुशासन और एक विकसित भारत के सपने को साकार करने में

## तमिलनाडु चुनाव में थलपति विजय का मास्टरस्ट्रोक, महिलाओं को 2500 और 6 मुफ्त एलपीजी सिलेंडर का वादा



**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**तमिलनाडु।** तमिलगा वेट्री कजगम (टीवीके) के प्रमुख विजय ने गुरुवार को आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के लिए अपनी पार्टी का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें महिलाओं और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए कई कल्याणकारी उपायों की घोषणा की गई है। घोषणापत्र जारी करते हुए विजय ने कहा कि टीवीके ने ईमानदार प्रशासन को अपनी विचारधारा बनाया है। इसीलिए हम कहते हैं कि हमारी पार्टी का पहला चुनावी घोषणापत्र भी ईमानदारी का आश्वासन है। हम स्टालिन की तरह लोगों को गुमराह नहीं करेंगे। हम जनता से खोखले वादे करने वाला कोई जल्दबाजी में जारी किया गया घोषणापत्र नहीं बना रहे हैं। हमने कहा था ना कि डीएमके और बाकी सब एक जैसे हैं? उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों द्वारा जारी किए गए चुनावी घोषणापत्रों को लीजिए और उनकी तुलना कीजिए। अगर एक-दो बिंदु मिलते-जुलते होते तो ठीक था। लेकिन क्या आप जानते हैं कि उन्होंने क्या किया है? अगर एक पार्टी 10,000 रुपये का वादा करती है, तो दूसरी 8,000 रुपये का कूपन देती है। अगर एक पार्टी फ्रिज देने का वादा करती है, तो दूसरी फ्रिज खरीदने के लिए टोकन देती है... इस तरह दोनों ने एक ही चुनावी घोषणापत्र पेश किया है, बस नाम और रंग बदल दिए हैं... ये सिर्फ एक ही छत्र के नीचे विचारधाराओं के समूह हैं। लेकिन हम इन दो भ्रष्ट समूहों की तरह जनता को कभी धोखा नहीं देंगे। विजय ने अपने प्रमुख वादों के तहत कहा कि 60 वर्ष से कम आयु की महिलाओं को प्रति माह 2,500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि प्रत्येक परिवार को प्रतिवर्ष छह मुफ्त एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे।

## तिरंगे जैसा फीता काटने से उमर अब्दुल्ला ने कर दिया इंकार, बीजेपी बोली- वेल डन सीएम

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के समय उमर अब्दुल्ला ने अन्य कश्मीरी नेताओं के साथ मिलकर कई प्रकार के विरोधी बयान दिए थे, लेकिन अब उनके द्वारा तिरंगे के प्रति दिखाया गया सम्मान पूरे देश को एक सकारात्मक और प्रेरणादायक संदेश दे रहा है। श्रीनगर में घटी एक घटना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान किसी भी राजनीतिक मतभेद से ऊपर होता है और यही भावना देश की एकता को मजबूत करती है।

हम आपको बता दें कि बुधवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला श्रीनगर के कश्मीर हाट में हस्तशिल्प विभाग के एक कार्यक्रम का उद्घाटन करने पहुंचे थे। यह कार्यक्रम 'अपने कारीगरों को जानो' नाम से आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य स्थानीय कारीगरों और उनकी कला को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के दौरान जब उद्घाटन के लिए उनके सामने फीता लाया गया, तो उन्होंने देखा कि उस फीते के रंग तिरंगे जैसे थे। यह देखते ही उन्होंने तुरंत उसे काटने से मना कर दिया और कहा कि इसे नहीं काटा जा सकता। मुख्यमंत्री ने अपने उप मुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी की ओर देखते हुए भी यही बात दोहराई, जिस पर उप मुख्यमंत्री ने भी सहमति जताई। इसके बाद दोनों नेताओं ने फीते को काटने की बजाय उसे सावधानीपूर्वक खोलने का सुझाव दिया। उन्होंने फीते को आयोजकों को वापस सौंपते हुए कहा कि इसे सम्मानपूर्वक रखा जाए। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सामने आने के बाद देश भर में इसकी सराहना हो रही है।

## परिसीमन पर पीएम मोदी की गारंटी, बोले- उत्तर-दक्षिण किसी भी राज्य के साथ अन्याय नहीं होगा

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि परिसीमन प्रक्रिया में राज्यों के बीच कोई भेदभाव नहीं होगा, चाहे वे उत्तर, दक्षिण, बड़े या छोटे हों। परिसीमन विधेयक पर विस्तार से बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने संकेत दिया कि इस प्रक्रिया का विरोध करने वाले लोग केवल राजनीतिक लाभ के लिए ऐसा कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने यह आश्वासन दिया कि कोई भेदभाव नहीं होगा, कोई अन्याय नहीं होगा। मोदी ने महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयकों पर चर्चा के लिए आयोजित संसद के विशेष सत्र के दौरान कहा कुछ लोग सिर्फ राजनीतिक लाभ के लिए गड़बड़ी पैदा कर रहे हैं। मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ आश्वस्त करना चाहता हूं कि चाहे उत्तर हो या दक्षिण, इस प्रक्रिया में किसी तरह का भेदभाव या अन्याय नहीं होगा।

इसके साथ ही मोदी ने कहा कि मैं वादा कर सकता हूं और गारंटी दे सकता हूं; अगर आप गारंटी शब्द का इस्तेमाल करना चाहते हैं तो मैं करूंगा, अगर आप वादा शब्द का इस्तेमाल करना चाहते हैं तो मैं करूंगा। उन्होंने कहा कि भूतकाल में जो सरकार रही, जिनके काल में जो परिसीमन हुआ, उस अनुपात में भी कोई बदलाव नहीं होगा, और वृद्धि भी उसी अनुपात में होगी। अगर गारंटी चाहिए तो मैं गारंटी देता हूं, वादा चाहिए तो वादा देता हूं... क्योंकि अगर नीयत साफ है, तो शब्दों का खेल करने की जरूरत नहीं है।

मोदी ने कहा कि हम उस अहंकार में न रहें कि हम देश की नारी शक्ति को कुछ दे रहे हैं... जी नहीं! उसका हक है। हमने कई दशकों से रोका हुआ है। आज उसका प्रायश्चित कर उस पाप से मुक्ति पाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि यहां कुछ लोगों को लगता है कि इसमें मोदी का राजनीतिक स्वार्थ है।

इसका अगर विरोध करेंगे तो स्वाभाविक है कि राजनीतिक लाभ मुझे होगा, लेकिन अगर साथ चलेंगे तो किसी को कोई राजनीतिक फायदा नहीं होगा। हमें क्रेडिट नहीं चाहिए। जैसे ही ये पारित हो जाए, मैं कल विज्ञापन देकर सबका धन्यवाद करने को तैयार हूं, सबकी फोटो छपवाने को तैयार हूं। क्रेडिट आप ले लो... आपको जिसकी फोटो छपवानी है, मैं सरकारी खर्चे से छपवाने को तैयार हूं।

उन्होंने कहा कि देश में करीब 650+ जिला पंचायतें हैं। करीब पौने तीन सौ महिलाएं उसका नेतृत्व करती हैं। एक कैबिनेट मीनिस्टर से ज्यादा जिम्मेदारी होती है उन पर, काम करती हैं वो। करीब 6,700 ब्लॉक पंचायतों में से करीब 2700 से अधिक ब्लॉक पंचायतें ऐसी हैं, जिनका नेतृत्व महिलाओं के हाथ में हैं। आज देश में 900+ शहरों में अर्बन लोकल बॉडीज की हेड के रूप में बहनें कार्यरत हैं। मैं मानता हूं, आज देश जो प्रगति कर रहा है, इनका भी महत्वपूर्ण योगदान है, इस ऋण को हमें स्वीकार करना चाहिए।

## संपादक की कलम से

# डोनाल्ड ट्रंप अनिश्चित और अप्रत्याशित राजनेता



**ललित शर्मा**
संपादक

डोनाल्ड ट्रंप का राजनीतिक करियर जितना प्रभावशाली रहा है, उतना ही विवादों और विरोधाभासों से घिरा हुआ भी रहा है, विशेषकर उनके कार्यकाल (2017–2021) के दौरान और वैश्विक तनावों के संदर्भ में उनके बयानों ने बार–बार यह संकेत दिया कि उनकी नीति और वक्तव्य अक्सर एक–दूसरे के विपरीत दिशा में चलते दिखाई देते हैं, ट्रंप ने सत्ता संभालते ही अमेरिका पहले की नीति को प्राथमिकता दी, जिसका अर्थ था कि अमेरिका अपने हितों को सर्वोपरि रखेगा, इसी नीति के तहत उन्होंने ईरान न्यूक्लियर डील से 2018 में अमेरिका को अलग कर लिया, जबकि यह समझौता ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नियंत्रित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण माना जाता था ।इस फैसले के बाद अमेरिका और ईरान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया और ट्रंप ने एक ओर कहा कि वे युद्ध नहीं चाहते, वहीं दूसरी ओर उनके सैन्य फैसले इस दिशा में बढ़ते दिखे, यही विरोधाभास उनकी विदेश नीति की सबसे बड़ी पहचान बन गया, उत्तर कोरिया के संदर्भ में भी उनका रवैया इसी प्रकार का रहा, उन्होंने पहले किम जोंग–उन को लिटिल रॉकेट मैन बोल कर धमकाया, फिर अचानक शांति वार्ता शुरू कर दी और 2018 में सिंगापुर शिखर सम्मेलन में ऐतिहासिक मुलाकात की, हालांकि इस कूटनीतिक पहल से कोई ठोस परिणाम नहीं निकला, लेकिन उनके बयान लगातार बदलते रहे, कभी वे युद्ध की चेतावनी देते तो कभी दोस्ती की बात करते, इसी तरह चिंता साथ उनका व्यापार युद्ध भी उनके बयानों का केंद्र रहा, उन्होंने चीन पर अनुचित व्यापारिक प्रथाओं का आरोप लगाते हुए भारी टैरिफ लगाए, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई, वहीं दूसरी ओर वे कई बार शी जीन पिंग की प्रशंसा करते नजर आए, यह आदत उनकी नेतृत्व शैली का स्थायी तत्व बन गया, सिरियन सिविल वॉर के दौरान भी ट्रंप ने पहले अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाने की घोषणा की, फिर अचानक सैन्य कार्रवाई का आदेश दिया, 2017 और 2018 में उन्होंने सीरिया पर मिसाइल हमले किए, जबकि उन्होंने अपने चुनाव प्रचार में अमेरिका को अंतहीन युद्धों ।से बाहर निकालने का वादा किया था। अफगानिस्तान में भी उन्होंने तालिबान के साथ वार्ता शुरू की, लेकिन कई बार अपने ही फैसलों से पीछे हटते दिखाई दिए, इन सबके बीच उनकी बयानबाजी ने वैश्विक मंच पर असमंजस की स्थिति पैदा की, ट्रंप के वक्तव्यों की एक विशेषता यह रही कि वे अक्सर सोशल मीडिया, विशेषकर ट्विटर के माध्यम से अचानक और बिना कूटनीतिक भाषा के अपनी बात रखते थे, जिससे कई बार अंतरराष्ट्रीय संबंधों में तनाव और बढ़ जाता था, उदाहरण के तौर पर उन्होंने ईरान को फायर एंड फ्यूरी जैसी चेतावनी दी, वहीं कुछ ही समय बाद वार्ता की इच्छा भी जताई, यही तर्ज में रूस के संदर्भ में भी दिखाई दी, जहां उन्होंने पुतिन साथ अपने संबंधों को सकारात्मक बताया, लेकिन अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की रिपोर्टों में रूस को खतरा बताया गया, इस विरोधाभास ने अमेरिकी राजनीति में भी गहरी बहस को जन्म दिया, कुल मिलाकर ट्रंप का कार्यकाल यह दशार्ता है कि उनकी विदेश नीति और युद्ध से जुड़े बयान अक्सर रणनीतिक स्पष्टता के बजाय व्यक्तिगत शैली और तात्कालिक प्रतिक्रिया पर आधारित थे।

## अंधविश्वास

**उदय किशोर साह**

कविता



तंत्र मंत्र का खुल गया देखो वो बाजार
तांत्रिक बन बैठा है वो अनपढ़ गंवार
प्रेत बाधा से मुक्ति का चल रहा व्यापार
ग्रामाण परिवेश में बनता इनका शिकार

खुद ही परिस्थिति का होता है ये मारा
तंत्र विद्या का बताता खुद को सितारा
भूत प्रेत की थामे है झूठा एक बागडोर
प्रेत बाधा की लगाते हैं ग्राहक पे शोर

काला कपड़ा में होता है तंत्रिक की पहचान
खुद को बताते हैं मसान का बड़ा ज्ञानवान
नर खोपड़ी में करते है ये मांस मदिरापान
भूत प्रेत का बन जाते हैं खुद ही भगवान

अमावश की रात चैराहे पे करता है भूतकांड
काले बकरे की होती है प्रेत मुक्ति में डिमांड
इनके झांसे में आ जाते हैं अनपढ़ अनजान
अनपढ़ मूरख होते हैं अक्सर इनका जजमान

नारी पे करता है ये प्रेत का कई झुठा शोध
शारिरिक प्रताड़ना सहते हैं कई अबोध
भूत प्रेत के नाम पर होता है आर्थिक दोहन
पड़ोसी को बना देते हैं ये मनगढ़ंत दुश्मन

शराबी मांसाहारी होता है इनका संस्कार
भूत प्रेत की नाम पे ये करता है व्यापार
प्रेत से मुक्ति दिलाने का होता है कारोबार
बदले में ऐंठ लेता है रकम हजार दो हजार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# लत के साथ जीना: संघर्ष, ताकत और रिकवरी की यात्रा



**डॉ विजय गर्ग**
लेखक

व्यसन को अक्सर इच्छाशक्ति की कमी या नैतिक कमजोरी के रूप में गलत समझा जाता है, लेकिन वास्तव में यह एक जटिल स्थिति है जो मस्तिष्क, व्यवहार और भावनात्मक कल्याण को प्रभावित करती है। लत के साथ रहना सिर्फ मादक द्रव्यों के सेवन या हानिकारक आदतों से संबंधित नहीं है। यह एक निरंतर आंतरिक लड़ाई के बारे में है जो व्यक्ति के जीवन के हर पहलू को प्रभावित करती है, जिसमें रिश्ते, स्वास्थ्य और आत्मसम्मान शामिल हैं।

### लत को समझना

लत कई रूप ले सकती है - शराब, ड्रग्स, निकोटिन, गेमिंग, सोशल मीडिया या यहां तक कि काम। जो कभी-कभार उपयोग या व्यवहार के रूप में शुरू होता है, वह धीरे-धीरे निर्भरता में बदल सकता है, जहां व्यक्ति इसके बिना काम करने में असमर्थ महसूस करता है। समय के साथ, मस्तिष्क की पुरस्कार प्रणाली बदल जाती है, जिससे रोजमर्रा की गतिविधियों से आनंद प्राप्त करना कठिन हो जाता है।

### छिपे हुए संघर्ष

नशे की लत से पीड़ित लोग अक्सर अपराधबोध, शर्म और अलगाव की भावना का सामना करते हैं। वे रुकना चाहते हैं, लेकिन ऐसा महसूस करते हैं कि वे एक ऐसे चक्र में फंसे हुए हैं जिसे वे तोड़ नहीं सकते। कई लोग निर्णय के डर से अपने संघर्ष को छिपा लेते हैं, जिससे उनका अकेलापन और गहरा हो जाता है। यह आंतरिक संघर्ष –परिवर्तन चाहना लेकिन शक्तिहीन महसूस करना –व्यसन के सबसे दर्दनाक पहलुओं में से एक है।

### दैनिक जीवन पर प्रभाव

लत शिक्षा, करियर और व्यक्तिगत संबंधों को बाधित कर सकती है। विश्वास टूट सकता है, जिम्मेदारियों की उपेक्षा हो सकती है, तथा स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। शारीरिक प्रभावों में थकान, खराब नींद और प्रतिरक्षा कमजोर होना शामिल हो सकता है, जबकि चिंता और अवसाद जैसे मानसिक स्वास्थ्य मुद्दे अक्सर लत के साथ आते हैं।

### समाज की भूमिका

व्यक्ति किस प्रकार व्यसन का अनुभव करते हैं, इसमें समाज महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कलंक और गलतफहमी लोगों को मदद मांगने से रोक सकती है। दोषारोपण के स्थान पर करुणा और जागरूकता आवश्यक है। जब समुदाय स्वीकृति और समर्थन को बढ़ावा देते हैं, तो सुधार अधिक संभव हो जाता है।

### पुनर्प्राप्ति का मार्ग

रिकवरी कोई एकल घटना नहीं बल्कि एक निरंतर प्रक्रिया है। इसकी शुरूआत इस बात से होती है कि सहायता की आवश्यकता है। सहायता परिवार, मित्रों, परामर्शदाताओं या सहायता समूहों से मिल सकती है। संतुलित जीवन के पुनर्निर्माण में स्वस्थ दिनचर्या, चिकित्सा और सकारात्मक वातावरण महत्वपूर्ण हैं।

पुनः लत लग सकती है, लेकिन इसे विफलता के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। इसके बजाय, वे पुनर्प्राप्ति यात्रा का हिस्सा हैं और सीखने तथा मजबूत बनने का अवसर हैं।

### एक नया जीवन बनाना

लत से परे जीवन जीने में उद्देश्य और आत्म-मूल्य को पुनः खोजना शामिल है। शौक में संलग्न होना, शिक्षा प्राप्त करना और सार्थक संबंध बनाना हानिकारक आदतों के स्थान पर सकारात्मक आदतें अपनाने में मदद कर सकता है। छोटी-छोटी जीतें एक दिन में एक बार स्थायी परिवर्तन की ओर ले जाती हैं।

### निष्कर्ष

नशे के साथ रहना निस्संदेह चुनौतीपूर्ण है, लेकिन यह कोई निराशाजनक स्थिति नहीं है। समझ, समर्थन और दृढ़ संकल्प से व्यक्ति अपना जीवन पुनः प्राप्त कर सकते हैं। लत कहानी का हिस्सा हो सकती है, लेकिन यह व्यक्ति को परिभाषित नहीं करती। सुधार संभव है, और हर कदम एक स्वस्थ, अधिक संतुष्टिदायक भविष्य की ओर एक कदम है।

# झोली वाले बाबाओं से सावधानी जरूरी



**डॉ. सत्यवान सौरभ**
लेखक

उत्तर भारत के गाँवों में गेहूँ की कटाई केवल एक मौसम नहीं, बल्कि जीवन का उत्सव होती है। यह वह समय है जब किसान की महीनों की तपस्या, धूप में जले हाथ, सर्द रातों की पहरेदारी और अनिश्चित मौसम के साथ लड़ी गई जंग अंततः रंग लाती है। खेतों में झूमती सुनहरी बालियाँ किसी साधारण फसल का दृश्य नहीं, बल्कि आशा, संघर्ष और आत्मसम्मान का प्रतीक होती हैं।

जब यही फसल कटकर घर के आँगन में ढेर बनाती है, तो वह केवल अनाज नहीं होती–वह पूरे साल की सुरक्षा होती है, बच्चों की पढ़ाई का आधार, बीमारियों में सहारा, और भविष्य की अनिश्चितताओं से लड़ने की ताकत होती है। घर की महिलाएँ उस अनाज को सहेजती हैं, साफ करती हैं, सुखाती हैं और बड़े जतन से उसे भंडार में रखती हैं, क्योंकि वे जानती हैं कि यही दाने आने वाले समय में घर की नींव को मजबूत बनाए रखेंगे। लेकिन इस सुनहरे और संतोष भरे दृश्य के साथ ही एक ऐसी परछाईं भी गाँव की गलियों में उतरने लगती है, जो धीरे-धीरे इस खुशी को कम करने लगती है।

यह परछाईं है झोली लेकर घूमने वाले तथाकथित बाबाओं और मोड़ों की, जो इसी मौसम का इंतजार करते हैं। जैसे ही अनाज घरों में आता है, ये लोग अचानक गाँवों में दिखाई देने लगते हैं। उनके वस्त्र, उनका रूप और उनकी वाणी सब कुछ इस तरह से रचा गया होता है कि वे श्रद्धा के पात्र प्रतीत हों।

माथे पर तिलक, सिर पर पटका या टोपी, रंग-बिरंगे कपड़े और हाथ में एक झोली–यह सब मिलकर एक ऐसा रूप तैयार करते हैं, जिसे देखकर सामान्य ग्रामीण सहज ही प्रभावित हो जाता है। वे घर-घर जाकर दरवाजे पर खड़े होते हैं और मीठे शब्दों में आशीर्वाद देते हैं–'भगवान भला करेगा', 'माता रानी कृपा बनाए रखे'–और बदले में कुछ अनाज या पैसे की अपेक्षा रखते हैं।

गाँवों में दान और सेवा की परंपरा सदियों से चली आ रही है। यह परंपरा केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक भी है, जो आपसी सहयोग और सह-अस्तित्व की भावना को मजबूत करती है। खासकर महिलाएँ इस परंपरा को निभाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे घर की दहलीज पर खड़ी होकर आने-जाने वालों का स्वागत करती हैं और अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान देती हैं। उनके लिए यह केवल एक सामाजिक कर्तव्य नहीं, बल्कि आस्था का हिस्सा होता है। लेकिन यही आस्था कई बार उनकी कमजोरी बन जाती है, जब कुछ लोग इसका लाभ उठाने लगते हैं।

एक घर से दी गई एक मुट्ठी गेहूँ शायद बहुत छोटी बात लगती है। देने वाले को लगता है कि इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। लेकिन यही प्रक्रिया जब पूरे गाँव में दोहराई जाती है, तो यह छोटी-छोटी मुट्ठियाँ मिलकर एक बड़े ढेर में बदल जाती हैं। दिन भर में सैकड़ों घरों से इकट्ठा किया गया अनाज शाम तक एक बड़ी मात्रा में पहुँच जाता है। इसके बाद यह अनाज अक्सर बाजार में बेच दिया जाता है, और उससे प्राप्त धन का उपयोग जरूरी जरूरतों के बजाय नशे, जुए या अन्य अनुचित गतिविधियों में होने की शिकायतें सामने आती हैं। इस प्रकार, जो अनाज किसान ने अपने खून-पसीने से उगाया था, वह धीरे-धीरे ऐसे हाथों में चला जाता है जहाँ उसका सम्मान नहीं होता।

यह केवल आर्थिक नुकसान की बात नहीं है, बल्कि यह विश्वास के टूटने की कहानी भी है। जब कोई व्यक्ति धर्म और आस्था का सहारा लेकर किसी की मेहनत का लाभ उठाता है, तो वह केवल संसाधनों की चोरी नहीं करता, बल्कि सामाजिक मूल्यों को भी कमजोर करता है। इससे भी अधिक चिंताजनक स्थिति तब होती है जब कुछ लोग दान न देने पर डराने-धमकाने का सहारा लेते हैं। 'अगर दान नहीं दिया तो अनिष्ट होगा', 'घर में अशांति आ जाएगी'–ऐसे शब्द केवल अंधविश्वास को बढ़ावा नहीं देते, बल्कि लोगों के मन में अनावश्यक भय भी पैदा करते हैं। यह भय खासकर महिलाओं और बुजुर्गों को प्रभावित करता है, जो पहले से ही धार्मिक मान्यताओं से गहराई से जुड़े होते हैं।

हालाँकि, इस पूरी तस्वीर का एक दूसरा पहलू भी है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। समाज में ऐसे लोग भी हैं जो वास्तव में जरूरतमंद हैं–बुजुर्ग, विकलांग या ऐसे व्यक्ति जिनके पास जीवनयापन का कोई साधन नहीं है। उनके लिए भिक्षा माँगना कोई विकल्प नहीं, बल्कि मजबूरी होती है। उनके चेहरे पर बनावटीपन नहीं, बल्कि संघर्ष और थकान की सच्चाई झलकती है। इसलिए हर झोली लेकर आने वाले व्यक्ति को एक ही नजर से देखना उचित नहीं होगा। यही वह बिंदु है जहाँ विवेक और संवेदनशीलता दोनों की आवश्यकता होती है।

समस्या का समाधान केवल विरोध में नहीं, बल्कि समझदारी में छिपा है। सबसे पहले, जागरूकता आवश्यक है। परिवार के सभी सदस्यों को यह समझाना जरूरी है कि दान केवल भावना के आधार पर नहीं, बल्कि सोच-समझकर किया जाना चाहिए। खासकर महिलाओं को यह सिखाना जरूरी है कि वे किसी भी प्रकार के डर या दबाव में आकर निर्णय न लें। यदि कोई व्यक्ति जबरदस्ती करता है या डराने की कोशिश करता है, तो उसका विरोध करना चाहिए और जरूरत पड़ने पर पड़ोसियों या पंचायत की सहायता लेनी चाहिए।

दूसरा महत्वपूर्ण कदम है दान की दिशा को सही करना। यदि किसी के मन में देने की भावना है, तो उसे उन लोगों तक पहुँचाना चाहिए जो वास्तव में जरूरतमंद हैं। गाँव में ऐसे कई परिवार होते हैं जो आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं, जिनकी मदद से उनका जीवन बेहतर हो सकता है। विधवाएँ, बुजुर्ग, अनाथ बच्चे या शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े जरूरतमंद लोग–ये वे स्थान हैं जहाँ दान का वास्तविक प्रभाव पड़ता है। इससे न केवल संसाधनों का सही उपयोग होता है, बल्कि समाज में आपसी सहयोग और विश्वास भी मजबूत होता है।

तीसरा, सामूहिक निर्णय की शक्ति को समझना जरूरी है। यदि पूरा गाँव मिलकर यह तय कर ले कि घर-घर घूमकर अनाज देने की परंपरा को सीमित किया जाएगा, तो इस समस्या का समाधान अपने आप निकल सकता है। अकेले व्यक्ति के लिए मना करना मुश्किल हो सकता है, लेकिन जब पूरा समुदाय एक साथ खड़ा हो, तो स्थिति बदल जाती है। सामूहिक जागरूकता और एकजुटता ही ऐसे शोषण के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार है।

अंततः यह मुद्दा केवल अनाज का नहीं है, बल्कि उस सम्मान का है जो किसान अपनी मेहनत से अर्जित करता है। खेत में बहाया गया पसीना केवल पानी नहीं, बल्कि उसके जीवन का एक हिस्सा होता है। उस पसीने से उगा हर दाना अनमोल होता है और उसका सम्मान करना हर समाज का कर्तव्य है। उसे किसी भी प्रकार के छल, दबाव या अंधविश्वास के कारण व्यर्थ जाने देना न केवल आर्थिक हानि है, बल्कि आत्मसम्मान का भी नुकसान है।

आस्था हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन आस्था का अर्थ अंधविश्वास नहीं होता। सच्ची आस्था वही है जो विवेक के साथ चलती है, जो सही और गलत के बीच अंतर कर सके। जब आस्था के नाम पर कोई हमारी मेहनत का शोषण करने लगे, तो उसे पहचानना और उससे बचना ही सच्ची समझदारी है।

इसलिए समय की मांग है कि हम अपनी परंपराओं का सम्मान करें, लेकिन आँख बंद करके नहीं। हमें अपने समाज, अपने संसाधनों और अपनी मेहनत की रक्षा के लिए जागरूक और सतर्क रहना होगा। क्योंकि अंत में, वही समाज आगे बढ़ता है जो अपनी जड़ों से जुड़ा रहता है, लेकिन बदलते समय के साथ अपनी सोच को भी विकसित करता है। और जब यह समझ हमारे भीतर विकसित हो जाएगी, तब शायद गेहूँ की यह सुनहरी फसल केवल खेतों में ही नहीं, बल्कि हमारे विचारों में भी लहलहाएगी–सम्मान, जागरूकता और विवेक के साथ।

# संवाद की राह या टकराव की आग–नोएडा श्रमिक आंदोलन से उठते सवाल



**एडवोकेट जयदेव राठी**
लेखक

नोएडा के औद्योगिक क्षेत्र में हाल में सामने आया श्रमिक आंदोलन एक बार फिर यह सोचने पर विवश करता है कि लोकतंत्र में असहमति व्यक्त करने का सही तरीका क्या होना चाहिए। श्रमिकों की समस्याएं नई नहीं हैं–वेतन, कार्य परिस्थितियां, सुरक्षा और सम्मान जैसे मुद्दे वर्षों से उठते रहे हैं। लेकिन जब इन मांगों की अभिव्यक्ति आगजनी, हिंसा और तोड़फोड़ के रूप में सामने आती है, तो यह न केवल आंदोलन की मूल भावना को कमजोर करती है, बल्कि पूरे सामाजिक और आर्थिक तंत्र को भी गहरी चोट पहुंचाती है। शुरूआत में यह आंदोलन श्रमिकों के असंतोष की सामान्य अभिव्यक्ति था। महंगाई के बढ़ते दबाव, सीमित वेतन और कार्यस्थल पर सुविधाओं की कमी ने उन्हें सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर किया। लेकिन जैसे-जैसे भीड़ बढ़ी, स्थिति नियंत्रण से बाहर होती चली गई। कुछ स्थानों पर वाहनों को आग के हवाले किया गया, पथराव हुआ और पुलिस के साथ झड़पें भी देखने को मिलीं। यह वह मोड़ था, जहां एक जायज मांगों वाला आंदोलन अपनी नैतिक वैधता खोने लगता है और अराजकता का रूप ले लेता है। यह समझना जरूरी है कि किसी भी औद्योगिक क्षेत्र में स्थिरता सबसे बड़ी पूंजी होती है। नोएडा जैसे औद्योगिक हब में सैकड़ों कंपनियां और हजारों श्रमिक अपनी आजीविका के लिए एक-दूसरे पर निर्भर हैं। जब इस तरह का आंदोलन हिंसक हो जाता है, तो इसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ता है। कई फैक्ट्रियां अस्थायी रूप से बंद करनी पड़ीं, जिससे उत्पादन ठप हो गया। इसका आर्थिक असर केवल कंपनियों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि श्रमिकों की आय पर भी पड़ता है। दैनिक वेतन पर काम करने वाले श्रमिकों के लिए एक दिन की मजदूरी भी बहुत मायने रखती है। इसके अलावा, ऐसे माहौल का सबसे बड़ा नुकसान यह होता है कि निवेशकों का भरोसा डगमगाने लगता है। कोई भी निवेशक उस क्षेत्र में निवेश करने से हिचकेगा, जहां बार-बार अस्थिरता और हिंसा की खबरें सामने आती हों। इसका दीर्घकालिक प्रभाव यह हो सकता है कि नए उद्योग स्थापित न हों



और मौजूदा उद्योग भी दूसरे स्थानों की ओर रुख कर लें। परिणामस्वरूप, रोजगार के अवसर घट सकते हैं, जो अंततः श्रमिक वर्ग के लिए ही नुकसानदायक साबित होगा। क्षेत्रीय स्तर पर भी इस आंदोलन ने आम जनजीवन को प्रभावित किया। सड़कों पर जाम लगने से लोग घंटों फंसे रहे। स्कूल जाने वाले बच्चे, अस्पताल पहुंचने वाले मरीज और रोजमर्रा के कामकाज के लिए निकलने वाले लोग–सभी इस अव्यवस्था का शिकार बने। छोटे दुकानदारों और स्थानीय व्यापारियों को भी नुकसान उठाना पड़ा, क्योंकि ग्राहक बाजार तक पहुंच ही नहीं पाए। इस प्रकार, एक वर्ग की समस्या ने पूरे समाज को प्रभावित किया। अब सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि आखिर ऐसे आंदोलन होते क्यों हैं और इनके लिए जिम्मेदार कौन है? इसका उत्तर सीधा नहीं है। एक ओर श्रमिकों की वास्तविक समस्याएं हैं–कम वेतन, असुरक्षित कार्य परिस्थितियां और असंतोषजनक श्रम नीतियां। यदि इन समस्याओं का समय पर समाधान नहीं होता, तो असंतोष बढ़ना स्वाभाविक है। दूसरी ओर, प्रशासन और उद्योग प्रबंधन की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है। यदि संवाद की प्रक्रिया कमजोर हो या शिकायतों को गंभीरता से न लिया जाए, तो स्थिति विस्फोटक बन सकती है। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि हर आंदोलन में कुछ अराजक तत्व सक्रिय हो जाते हैं, जो स्थिति को बिगाड़ने का काम करते हैं। ये तत्व आंदोलन की आड़ में हिंसा फैलाते हैं और पूरे आंदोलन को बदनाम कर देते हैं। कई बार सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहें भी आग में घी का काम करती हैं। बिना सत्यापन के फैलने वाली खबरें लोगों को भड़काती हैं और स्थिति को नियंत्रण से बाहर कर देती हैं। यहां यह सवाल भी उठता है कि क्या आंदोलन का स्वरूप बदल रहा है? पहले जहां आंदोलनों में अहिंसा और संयम को प्राथमिकता दी जाती थी, वहीं अब कई बार तुरंत परिणाम पाने की जल्दबाजी में हिंसा का सहारा लिया जाता है। यह प्रवृत्ति लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए खतरनाक है। महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के माध्यम से आंदोलन की जो परंपरा स्थापित की थी, वह आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। आंदोलन का उद्देश्य सुधार होना चाहिए, न कि विनाश। जब किसी आंदोलन में सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जाता है, तो अंततः उसका बोझ आम जनता पर ही पड़ता है। सरकार को नुकसान की भरपाई करनी पड़ती है, जो करदाताओं के पैसे से होती है। यानी अप्रत्यक्ष रूप से आम नागरिक ही इसकी कीमत चुकाता है। भविष्य के दृष्टिकोण से भी ऐसे आंदोलन नुकसानदायक साबित होते हैं। यदि उद्योगों का माहौल अस्थिर रहेगा, तो रोजगार के अवसर कम होंगे। नई पीढ़ी के लिए सुरक्षित और स्थायी रोजगार की संभावनाएं घटेंगी। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश की छवि प्रभावित होती है। वैश्विक कंपनियां ऐसे क्षेत्रों में निवेश करने से बचती हैं, जहां बार-बार अशांति की स्थिति पैदा होती हो। इस पूरे परिदृश्य में समाधान की दिशा में सोचने की जरूरत है। सबसे पहले, सरकार, उद्योग और श्रमिकों के बीच संवाद की मजबूत व्यवस्था होनी चाहिए। समस्याओं को समय रहते सुनना और उनका समाधान करना आवश्यक है। श्रमिक संगठनों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी और शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने की संस्कृति को बढ़ावा देना होगा। उद्योग प्रबंधन को भी यह समझना होगा कि संतुष्ट श्रमिक ही उत्पादन की रीढ़ होते हैं। यदि श्रमिकों को उचित वेतन, सुरक्षा और सम्मान मिलेगा, तो वे अधिक प्रतिबद्धता के साथ काम करेंगे। वहीं, प्रशासन को भी संवेदनशील और सक्रिय भूमिका निभानी होगी, ताकि स्थिति बिगड़ने से पहले ही उसे संभाला जा सके। अंततः, यह स्वीकार करना होगा कि आंदोलन लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, लेकिन उनका स्वरूप जिम्मेदार और संयमित होना चाहिए। हिंसा और अराजकता किसी भी समस्या का समाधान नहीं हैं, बल्कि वे नई समस्याओं को जन्म देती हैं। नोएडा का यह घटनाक्रम एक चेतावनी है–यदि हमने समय रहते संवाद और संतुलन की राह नहीं अपनाई, तो ऐसे आंदोलन भविष्य में और अधिक गंभीर रूप ले सकते हैं। इसलिए आज जरूरत है धैर्य, समझदारी और सहयोग की, ताकि विकास की गति बनी रहे और समाज में शांति और स्थिरता कायम रह सके।

# डिजिटल यमराज और पासवर्ड की वैतरणी

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

स्वर्गीय गजानन बाबू की आत्मा जब यमराज के सामने पेश हुई, तो उन्हें उम्मीद थी कि वहां उनके दान-पुण्य का हिसाब होगा। लेकिन यमराज भैंसे पर नहीं, बल्कि एक 'ऐप्पल विजन प्रो' लगाए घूम रहे थे। यमराज ने गजानन बाबू को देखा और बोले, 'नाम तो ठीक है, पर आपकी 'डिजिटल आइडेंटिटी' वेरिफाइड नहीं है। चित्रगुप्त, जरा इनका 'क्लाउड डेटा' चेक करो।'

चित्रगुप्त ने एक बड़ा सा मॉनिटर घुमाया और कहा, 'महाराज, इन्होंने पृथ्वी पर रहते हुए 'टर्म्स एंड कंडीशंस' पढ़े बिना ही 'एग्री' कर दिया था। इनके कर्मों का बैकअप तो है, पर वह 'एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड' है। पासवर्ड इन्हें याद नहीं।'

गजानन बाबू सकपका गए, 'प्रभु, मैंने गंगा स्नान किया था, गाय को घास खिलाई थी।' यमराज झल्लाए, 'वह सब 'ऑफलाइन' था गजानन! उसका कोई 'स्क्रीनशॉट' है? कोई 'चेक-इन' डाला था? अगर फेसबुक पर 'फीलिंग धन्य' नहीं लिखा, तो वह पुण्य अमान्य है।'

गजानन बाबू रोने लगे, 'महाराज, मैंने अपना सारा समय परिवार को दिया।' यमराज ने उपहास किया, 'परिवार को दिया? पर आपकी 'स्क्रीन टाइमिंग' तो कुछ और ही कह रही है। आपने मरने से पांच मिनट पहले 'यमराज मीम्स' शेयर किए थे, इसे 'देव-निंदा' माना जाएगा।'

सजा के तौर पर यमराज ने उन्हें एक ऐसे नर्क में भेज दिया जहाँ 'हाई-स्पीड वाई-फाई' तो था, पर गजानन बाबू को 'पासवर्ड' पता नहीं था।

वहां के निवासी पागलों की तरह हवा में उंगलियां चला रहे थे और 'लोडिंग' के गोल घेरे को देखकर चीख रहे थे।

चित्रगुप्त ने धीरे से कहा, 'महाराज, इनका 'आधार' लिंक नहीं है, इन्हें 'रिसाइकिल बिन' में डाल दें?' गजानन बाबू की आत्मा 'परमानंद' की जगह 'परमा-एरर' में बदल गई।

# मीटर नहीं मिनी एटीएम बन गया बिजली कनेक्शन, स्मार्ट मीटर पर भड़के किसान, 20 दिन में समाधान नहीं तो उखाड़ फेंकने की चेतावनी

लुकमान खान

**पीलीभीत पूरनपुर(वेलकम इंडिया)।** स्मार्ट मीटर को लेकर बिजली विभाग और किसानों के बीच टकराव तेज हो गया है। भारतीय किसान यूनियन भानू ने गुरुवार को पूरनपुर स्थित विद्युत विभाग परिसर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए। यूनियन ने आरोप लगाया कि ग्रामीणों पर दबाव बनाकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं की आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है। किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि 20 दिनों के भीतर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो वे खुद मीटर हटाने के लिए मजबूर होंगे।प्रदर्शन के दौरान किसानों और महिलाओं ने खुलकर अपनी समस्याएं सामने रखीं। उनका कहना था कि पहले के मुकाबले बिजली बिल कई गुना बढ़ गया है, जिससे घर का बजट बिगड़ गया है। आरोप लगाया गया कि विभागीय कर्मचारी मीटर लगाने के लिए लोगों को डराते हैं और बाद में ज्यादा खर्च का भय दिखाते हैं। वहीं, प्रीपेड व्यवस्था के चलते बैलेंस खत्म होते ही बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली आपूर्ति बाधित कर दी जाती है, जिससे बच्चों की पढ़ाई और बीमार लोगों की देखभाल प्रभावित हो रही है।यूनियन पदाधिकारियों ने अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर पूरनपुर व शेरपुर कलां सहित जनपद समेत कई जगह में बिना सहमति लगाए गए मीटरों को हटाने की मांग उठाई।उन्होंने कहा कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर ग्रामीणों के लिए राहत नहीं, बल्कि नई परेशानी बन गए हैं।ज्ञापन में मांग की गई कि सभी मीटरों को पुनः पोस्टपेड व्यवस्था में बदला जाए और बढ़े हुए बिजली बिलों की जांच कर संशोधन किया जाए। भाकियू भानू के जिला अध्यक्ष भजनलाल क्रोधी और मंडल अध्यक्ष लाल मिश्रा ने कहा कि यदि तय समय सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो संगठन व्यापक आंदोलन छेड़ने को बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। प्रदर्शन में अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष निसार शाह, जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र गुप्ता, तहसील मीडिया प्रभारी सबलू खान, तहसील अध्यक्ष रुसान अहमद, रामनिवास कश्यप, मीनू बरकाती, मोंटू, सलमान, दिलशाद, नजीब, शाहिद समेत बड़ी संख्या में किसान और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# पूरनपुर के सेंट जोसेफ का शत प्रतिशत रहा रिजल्ट

## सेंट जोसेफ स्कूल में रिजल्ट आने के बाद खुशियां मनाते बच्चे व स्टाफ

लुकमान खान

**पीलीभीत पूरनपुर(वेलकम इंडिया)।** सीबीएसई के दसवीं का नतीजा आज घोषित कर दिया गया है लेकिन इस बार बच्चों को अपने नंबर बढ़ाने का एक मौका और दिया जाएगा।इसलिए अभी के रिजल्ट को फाइनल रिजल्ट नहीं माना जा रहा है। फिर भी नगर के सेंट जोसेफ स्कूल में बच्चों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है यहां पर कुल 120 बच्चों ने परीक्षा दी थी। जिसका रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। तन्मय अग्रवाल 96.8 परसेंट के साथ पहले, अनुष्का मिश्रा व मोहम्मद उमैर संयुक्त रूप से 96.04% अंक लाकर दूसरे नंबर पर व रिफत मदर 95.2 फीसदी अंकों के साथ स्कूल में तीसरी पोजीशन पर रही। चौथी पोजीशन पर काव्यांश गुप्ता 94.06%, पांचवीं पोजीशन पर यश गुप्ता व भुवि गुप्ता रहीं।बच्चों के बेहतरीन प्रदर्शन पर प्रबंधक फादर ग्रेगरी मेस्क्रेनहस और प्रधानाचार्या सिस्टर रेम्या सेबेस्टियन व प्राइमरी विंग की प्रधानाध्यापिका सिस्टर टेसी, सिस्टर संजना सहित सभी शिक्षक शिक्षकाओं ने बच्चों को बधाई दी।




# विद्युत विभाग की तानाशाही नहीं की जायेगी बर्दाश्तः सदीप सोनी



गुलजार आलम

**रामपुर(वेलकम इंडिया)।** रामपुर में विद्युत विभाग द्वारा मनमाने ढंग से लगाये जा रहे स्मार्ट मीटरों के खिलाफ व्यापारियों का गुस्सा चरम पर पहुंच गया। इस मामले में उद्योग व्यापारी प्रतिनिधिमंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा है। इस मौके पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप सोनी ने कहा कि एक्सईन प्रथम द्वारा लगातार शोषण व उत्पीडन की मंशा से जबरन स्मार्ट मीटर लगवाये जा रहे है। जनता के मना करने के बावजूद भी जनता की सहमति के बिना और प्रीपेड स्मार्ट मीटर पुलिस बल की मौजूदगी में लगाये जा रहे हैं।जिससे पूरे शहर में विद्युत विभाग के आतक से त्राहि-त्राहि मची हुई है। विद्युत विभाग की मनमानी व तानाशाही अत्याधिक ज्यादा बढ़ गई है। संदीप सोनी ने कहा कि बिना उपभोक्ता की सहमति के बिना स्मार्ट मीटर नहीं लगाये जायेगे यह बयान स्वयं केन्द्रीय विद्युत मंत्री ने संसद में दिया है लेकिन इसके बाद भी रामपुर का विद्युत विभाग जबरन लोगों के घरो में स्मार्ट मीटर लगा रहा है। संदीप सोनी ने कहा कि यदि विद्युत विभाग की यह तानाशाही बंद नहीं हुई तो आन्दोलन किया जायेगा।

# ब्रांडेड के नाम पर घटिया माल का जाल, लखानी का जूता डेढ़ माह में ही फटा, ठगा गया ग्राहक

लुकमान खान






**पीलीभीत पूरनपुर(वेलकम इंडिया)।** पीलीभीत पूरनपुर में स्थानीय सीमेंट रोड स्थित खंडेलवाल शूज स्टोर से ब्रांड के नाम पर ग्राहकों को चूना लगाने का एक गंभीर मामला सामने आया है। एक उपभोक्ता ने लखानी जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड पर भरोसा करके 1350 में जूते खरीदे, लेकिन उसकी यह उम्मीद और मेहनत की कमाई महज डेढ़ महीने में ही मिट्टी में मिल गई।

पीड़ित उपभोक्ता के अनुसार, करीब डेढ़ माह पूर्व उसने खंडेलवाल शूज स्टोर से 1350 में लखानी कंपनी के जूते खरीदे थे। उपभोक्ता का आरोप है कि जूतों का बहुत ही कम इस्तेमाल किया गया, लेकिन इसके बावजूद दोनों जूतों के सोल गलकर फटने लगे। जिस ब्रांड के दम पर विक्रेता ने पैसे वसूले, उसकी असलियत कुछ ही दिनों में सबके सामने आ गई।

जब पीड़ित ने फटे हुए जूतों के साथ दुकानदार से शिकायत की, तो समाधान करने के बजाय विक्रेता ने अपना पल्ला झाड़ लिया। दुकानदार ने बेहद अड़ियल और तीखे लहजे में कहा कि वह खुद कंपनी में शिकायत दर्ज करवाए, वह सिर्फ जूते जमा कर सकता है।

दुकानदार के इस टालमटोल वाले रवैये से साफ है कि उसे ग्राहक के पैसों और उसकी परेशानी की रत्ती भर भी परवाह नहीं है।

उपभोक्ता का कहना है कि लखानी जैसी बड़ी कंपनी का जूता इतनी जल्दी नहीं फट सकता। उसे पूरा शक है कि दुकानदार ने उसे ब्रांड के नाम पर कॉपी या नकली माल थमाकर ठगा है। खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा पीड़ित अब चुप बैठने वाला नहीं है। उसने संबंधित कंपनी में शिकायत दर्ज कराने के साथ साथ धोखाधड़ी करने वाले इस विक्रेता के विरुद्ध कानूनी मोर्चा खोलने और उपभोक्ता फोरम जाने के स्पष्ट संकेत दिए हैं।

फिलहाल पूरनपुर में कुछ जूता विक्रेताओं की चमक धमक वाली दुकानों के पीछे घटिया माल का खेल चल रहा है। अगली बार जूता खरीदने से पहले पक्का बिल और गारंटी जरूर जांच लें।

# मुशायरे के नाम पर उर्दू से दुश्मनी नहीं की जायेगी बर्दाश्तः मजहर रामपुरी

गुलजार आलम



**रामपुर(वेलकम इंडिया)।** आल इंडिया उर्दू रिसर्च स्कालर एसो के महासचिव मजहर रामपुरी ने 18 अप्रैल को रामपुर में आयोजित होने वाले आल इंडिया मुशायरे को लेकर कहा कि स्व ताहिर फराज की याद में आयोजित होने वाला यह मुशायरा उर्दू जुबान और उसकी स्क्रिप्ट की कब्र खोदने की कोशिशों में एक कोशिश है। उन्होने कहा कि रामपुर में आयोजित होने वाले उर्दू जुबान के मुशायरा के बैनर व निमत्रण पत्र और शायरों के नाम सब हिन्दी भाषा में छापे गये है। मुशायरा जब उर्दू जुबान ओ अदब के नाम पर हो रहा है तो इस मुशायरे के बैनर पोस्टर और आमंत्रण पत्र शायरों के नाम आदि सब हिन्दी के साथ साथ उर्दू में भी छपना चाहिए थे ताकि रामपुर की अवाम को पता चल सके कि उर्दू जुबान का मुशायरा है। रामपुर को उर्दू जुबान का तीसरा स्कूल आज भी कहा जाता है। हिन्दी जुबान से हमे कोई आपत्ति नहीं है। हिन्दी और उर्दू हमारे देश की ही जुबान है और दोनों आपस में सगी बहनों की तरह साथ-साथ है जिस जुबान को हम हिन्दी बोल रहे है वह भी हकीकत में उर्दू ही है। मजहरी रामपुरी ने कहा कि आल इंडिया उर्दू रिसर्च एसो उर्दू जुबान के नाम पर होने वाले इस फर्जी मुशायरे का खंडन और आलोचना करती है। लिहाजा उर्दू जुबान से मोहब्बत रखने वालों और खासतौर पर रामपुर वालों से भी अपील है।

# गाढ़ा-लालपुर कॉरिडोर की सतत उपयोगिता बनाए रखने के लिए




लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** टाइगर रिजर्व के सहयोग से डब्ल्यूडब्ल्यूएफ (हहत्रह्) द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य एक ओर जहां वन्यजीवों के आवागमन को सुचारु बनाए रखना है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय किसानों की खेती को टिकाऊ एवं लाभदायक बनाना भी है। इसी क्रम में कॉरिडोर से जुड़े गांव–लालपुर, विधिपुर और दंगड़ी में गन्ना खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस वर्ष 1200 कुंतल गन्ना बीज वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ग्राम लालपुर में गन्ना बीज वितरण एवं बुवाई से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जो पीलीभीत टाइगर रिजर्व के सहयोग से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक एस.एस. ढाका ने किसानों को गन्ना बुवाई की उन्नत तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बुवाई से पूर्व खेत की तैयारी, बुवाई की विधि तथा बुवाई के बाद की आवश्यक सावधानियों पर किसानों को प्रशिक्षित किया। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि इस वर्ष 1200 कुंतल बीज वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से अब तक 160 कुंतल गन्ना बीज वितरित किया जा चुका है। शेष बीज का वितरण पांच चरणों में किया जाएगा। वन क्षेत्र अधिकारी सोवरन लाल (पूरनपुर) ने बताया कि वर्षा ऋतु में वन विभाग द्वारा निशुल्क पौधों का वितरण किया जाता है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपने खेतों की मेड़ों पर पौधारोपण कर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं। कार्यक्रम में इको विकास समिति के अध्यक्ष बनवारी लाल, सचिव रामभरत यादव, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के परियोजना अधिकारी कंधई लाल, फील्ड ऑफिसर राजेंद्र कुमार, राहुल कुमार तथा बाघ मित्र सर्वजीत और महेंद्र पाल सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# अति पिछडी मुस्लिम महिला को को भी मिले आरक्षणः फरहत अली खान



गुलजार आलम

**रामपुर(वेलकम इंडिया)।** भाजपा नेता एवं अखिल भारतीय मुस्लिम महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष फरहत अली खान ने कहा कि देश में सबसे ज्यादा दबी कुचली जिन्दगी मुस्लिम महिलाएं गुजार रही है। फरहत अली खान ने कहा कि अगर मुस्लिम महिलाएं सांसद और विधायक बनकर लोकसभा, राज्य सभा एवं विधानसभा में जायेगी तभी अपनी समस्याओं को देश के संवैधानिक पटल पर रख सकती है। महिला आरक्षण बिल सराहनीय और स्वागत योग्य है जिसकी समय के अनुसार बहुत जरूरत थी। जहां तक महिला आरक्षण बिल का सवाल है हम सभी देशवासी स्वागत करते है। मगर हम अपने देश के मुखिया से अपना सुझाव रख रहे हैं कि तैतीस प्रतिशत में से कुल तीन प्रतिशत परिसीमन के बाद मुस्लिम महिला को भी आरक्षण दिया जाये। जो समय के अनुसार बहुत जरूरी है। उन्होने कहा कि केन्द्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रहीं है महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने का काम किया जा रहा हैं जो सराहनीय है और स्वागत योग्य हैं लेकिन महिला आरक्षण में सिर्फ थोड़ा सा बदलाव कर हर लिहाज से पिछडी मुस्लिम महिलाओं को तीन प्रतिशत आरक्षण दे दिया जाये तो मुस्लिम महिलाओं को भी आगे बढ़ने का मौका मिल सकेगा।

# शमशान घाट की अधूरी पुलिया बनी परेशानी का सबब, ब्लॉक प्रमुख को सौंपा ज्ञापन

## युवा उद्योगव्यापार प्रतिनिधि मंडल ने ब्लॉक प्रमुख से की सड़क जोड़ने की मांग

लुकमान खान

**पीलीभीत पूरनपुर(वेलकम इंडिया)।** स्थानीय शेरपुर चुंगी स्थित शमशान घाट मार्ग पर बनी पुलिया का निर्माण कार्य पूरा न होने से आम जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर युवा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने ब्लॉक प्रमुख श्रीमती मानसी अपूर्व सिंह को एक मांग पत्र सौंपा है। जिसमें बताया गया कि शव यात्रा के लिए अधिक दूरी तय करनी पड़ रही है अतिरिक्त दूरी होने से काफी दिक्कत हो जाती है व्यापार मंडल के नगर युवा अध्यक्ष नितिन वर्मा ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि शमशान घाट जाने के रास्ते में एक पुलिया का निर्माण तो कराया गया है, लेकिन उसे दोनों ओर से मुख्य सड़क से नहीं जोड़ा गया है। सड़क से संपर्क न होने के कारण अंतिम संस्कार के लिए जाने वाले लोगों को लगभग डेढ़ किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर काटकर जाना पड़ता है। जिससे जनता में भारी रोष व्याप्त है संगठन का कहना है कि पुलिया और सड़क के बीच संपर्क न होने से लोगों को न केवल समय की बबार्दी झेलनी पड़ती है, बल्कि ऊबड़-खाबड़ रास्तों से होकर गुजरने में काफी परेशानी भी होती है।



व्यापार मंडल ने ब्लॉक प्रमुख से जनहित में इस समस्या का संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द पुलिया को मुख्य मार्ग से जुड़वाने की अपील की है। ब्लॉक प्रमुख ने गर्मजोशी के साथ तत्काल समस्या का समाधान निकालकरआश्वासन दिया जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा इस दौरान व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस अधूरे कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाए ताकि जनता को इस अनावश्यक परेशानी से मुक्ति मिल सके। इस मौके पर युवा नगर अध्यक्ष नितिन वर्मा, मोहम्मद हसन, राहत शेरी विकास गुप्ता, गौरवपांडे, ,अंकित अग्रवाल, मो एजाज शेरी,हसमत अली कादरी,मुजस्सिम वारसी, शमशुल हसन,सकलेनी, शान मोहम्मद,शैबुल हसन, रिजवी सिद्दीकी,गौरव गुप्ता,संजीव यादव,सुभाष गुप्ता सहित कई सदस्य मौके पर मौजूद रहे।

# शहर के 22 स्थानों से महिलाएं ले सकती हैं एमरजेंसी हेल्प

## मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आईसीसीसी में दिया गया महिलाओं को प्रशिक्षण

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**सहारनपुर।** शहर के 22 प्रमुख चौराहों एवं महत्वपूर्ण स्थानों से महिलाएं किसी भी आपातकालीन स्थिति में एमरजेंसी कॉल कर हेल्प ले सकती है। इन चौराहों पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए पीए सिस्टम ( पब्लिक एडेज्स सिस्टम) और कैमरे लगाए गए हैं। नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर निगम से सम्बंधित महिलाओं को यह जानकारी आज मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत यहां आईसीसीसी में आयोजित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में दी गयी। मिशन शक्ति 5.0 के सहायक नोडल अधिकारी मोहित तलवार ने महिलाओं को बताया कि शहर के 22 प्रमुख स्थानों पर लगे पीए सिस्टम पर कोई महिला जैसे ही लाल



रंग का पुश बटन दबायेंगी उनकी कॉल सीधे आईसीसीसी कमांड कंट्रोल सेण्टर से जुड़ जायेगी, और उस कॉल को सम्बंधित महिला को हेल्प पहुंचाने के लिए सम्बंधित थाने को भेज दिया जायेगा।

मोहित तलवार ने बताया कि आईसीसीसी में 24 घण्टे पुलिसकर्मी एवं अन्य स्टाफ तैनात रहते हुए निगरानी करता है। महिला सुरक्षा से सम्बंधित कार्यक्रम में महिलाओं को अवगत कराया गया कि महानगर में 860 कैमरे, लगाये गए है। जिसके अंतर्गत शहर के सभी 17 जंक्शनों-पुरानी चुंगी, नवाब गंज चौक, घण्टाघर, देहरादून चौक, चौ. चरण सिंह चौक, अग्रसेन चौक, दर्पण तिराहा, कलक्ट्रेट तिराहा, हसनपुर चौराहा, मण्डी समिति चौक, अम्बेडकर चौक, सदर तिराहा, विश्वकर्मा चौक, राकेश केमिकल, दीवानी तिराहा, अनुपम स्वीट्स व सब्जीमण्डी पुल शामिल हैं। इसके अलावा शहर के चौक फव्वारा, एलाइड पैट्रोल पम्प अम्बाला रोड, कुतुबशेर, बेहट अड्डा, भगतसिंह चौक पर भी सीसीटीवी कैमरे और पीए सिस्टम लगाये गए हैं। कुल 22 स्थानों पर पीए सिस्टम लगाया गया है। एनआईसी के सीनियर प्रोजेक्ट इंजीनियर मनोहर ने बताया कि आवश्यकता पर आईसीसीसी से एनाउंस कर उक्त 22 स्थानों पर किसी भी संदेश को एक साथ प्रसारित किया जा सकता है। महिलाओं से आह्वान किया गया कि वे अपने क्षेत्रों में लोगों को कैमरे लगवाने के लिए प्रेरित करें।

# डीएम से वार्ड संख्या दो में लगाये गये स्मार्ट मीटरों को हटवाये जाने की मांग

गुलजार आलम

**रामपुर(वेलकम इंडिया)।** रामपुर नगर पालिका परिषद की वार्ड संख्या दो वासियों ने डीएम से काशीराम आवास कालोनी में लगाये जा रहे स्मार्ट मीटरों हटवाये जाने की मांग की है। डीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा गया हैं कि काशीराम आवास कालोनी में स्मार्ट मीटर के चलते लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। अत्याधिक मीटर के बिल आने पर मीटर से विद्युत आपूर्ति बंद कर दी जाती है।

पहले मीटर के बिल पूर्ण रूप से बनकर आता था जिससे लोग अपनी आमदनी में से बचाकर



मीटर का बिल जमा करते थे जिससे बिजली की आपूर्ति चालू रहती थी। कुछ समय से शासन द्वारा स्मार्ट मीटर वार्ड संख्या दो व काशीराम आवास कालोनी पर लगाये गये है जिससे अत्याधिक मीटर के बिल आने पर पहले से एडवांस रिचार्ज करना पड रहा है और महीने भर से पहले रिचार्ज खत्म हो जाने पर विद्युत आपूर्ति बंद कर दी जाती है। जिस कारण कमजोर वर्ग के लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

ज्ञापन में प्रीपेड स्मार्ट मीटर को पहले जैसे पोस्टपेड मीटर में बदलवाया जाये। इसके अलावा वार्ड सख्या दो में स्थित नादरबाग की मंडैया में स्थित काशीराम आवास कालोनी के क्वाटरों की रंगाई व पुताई कराये जाने की मांग की गई है।

# यूनिवर्सल एकेडमी ने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में 100% परिणाम हासिल किया

नितिन शर्मा



**बिजनौर(वेलकम इंडिया)।** यूनिवर्सल एकेडमी, बिजनौर ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को कायम रखते हुए सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में शानदार 100% परिणाम प्राप्त किया है। विद्यालय को अपने विद्यार्थियों के सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर अत्यंत गर्व है। विषयवार टॉपर्स में, सुचित्रा ने सामाजिक विज्ञान में 99 अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया। अदिति ने अंग्रेजी में 99 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि वेदिका ने हिंदी में 98 अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। अक्षरा ने सूचना प्रौद्योगिकी में 97 अंक प्राप्त किए। विज्ञान विषय में शिवांश और वंश ने 98-98 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान प्राप्त किया। वंश ने गणित में भी 96 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समग्र रूप से विद्यालय के टॉपर्स ने संस्थान का नाम रोशन किया। अक्षरा ने 96.6% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वंश ने 95.4% के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि शिवांश ने 94.2% अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में सुचित्रा (93.8%), दक्ष (93.2%), अदिति चौधरी (91.6%) और प्रेरणा (90%) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, सामाजिक विज्ञान में 16 विद्यार्थियों, हिंदी में 16 विद्यार्थियों तथा अंग्रेजी में 10 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जो विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है।

विद्यालय के प्रबंधक राकेश कर्णवाल, रईस अहमद, शुभम कर्णवाल, प्रधानाचार्य अनुज त्यागी एवं उप-प्रधानाचार्य खुशबू कर्णवाल ने सभी विद्यार्थियों को उनके परिश्रम, समर्पण और उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए हार्दिक बधाई दी। वरिष्ठ समन्वयक श्रीमती कविता शर्मा, अरविंद, प्रशांत, ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने शिक्षकों के अथक प्रयासों और अभिभावकों के निरंतर सहयोग की सराहना की, जिन्होंने विद्यार्थियों को सफलता की ओर अग्रसर किया। यूनिवर्सल अकादमी निरंतर उत्कृष्टता और सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है तथा प्रत्येक वर्ष शैक्षणिक उपलब्धियों के नए मानक स्थापित कर रही है।

# ललित कुमार अरोड़ा के जन्मदिवस पर 101 नेत्र रोगियों के नि:शुल्क ऑपरेशन सम्पन्न

वेलकम इंडिया संवाददाता




**मथुरा/गोवर्धन।** ललित कुमार अरोड़ा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में गिर्राज फाइल्स प्रा. लि., वृन्दावन के सौजन्य से कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, मथुरा द्वारा आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का समापन समारोह अत्यंत गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस सेवा शिविर के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद 101 नेत्र रोगियों के निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए गए। शिविर में मरीजों की नेत्र जांच, परामर्श तथा आवश्यक उपचार विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा प्रदान किया गया। सफल ऑपरेशन के उपरांत मरीजों एवं उनके परिजनों ने संस्था एवं सहयोगकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। समापन समारोह में शैलेन्द्र चतुर्वेदी, निदेषक ऑपरेषन ने कहा कि गिर्राज फाइल्स प्रा. लि., वृन्दावन के सहयोग एवं ललित कुमार अरोड़ा की प्रेरणा से अनेक जरूरतमंद लोगों के जीवन में उजाला लाने का यह पुनीत कार्य संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, मथुरा निरंतर समाज के कमजोर वर्गों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। संस्था का उद्देश्य जरूरतमंद व्यक्तियों तक निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण नेत्र चिकित्सा सेवाएं पहुँचाना है, जिससे कोई भी व्यक्ति आर्थिक अभाव के कारण उपचार से वंचित न रहे। कल्याणं करोति नेत्र संस्थान द्वारा आयोजित यह शिविर समाज सेवा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायी पहल सिद्ध हुआ, जिसके माध्यम से 101 मरीजों को नई दृष्टि और नया जीवन मिला।

# गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में छात्र हुए सम्मानित



नितिन शर्मा

**नूरपुर(वेलकम इंडिया)।** हाईस्कूल परीक्षा के उत्कृष्ट परिणामों से आज विद्यालय में उत्साह का वातावरण रहा। प्रधानाचार्य अवनीश कुमार ने सभी छात्रों को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित कियाऔर आशीर्वाद दिया।इस अवसर पर प्रबंधक मंदीप सिंह ने कहा कि आप सभी के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने विद्यालय को गौरवान्वित किया है।

यह सब अध्यापकों के मार्गदर्शन और आपके परिश्रम के कारण ही संभव हो पाया है। मगर आपको यह भी याद रखना होगा कि अभी ये सफर का पहला पड़ाव है। हम सबको पहले से कहीं अधिक व्यवस्थित और अनुशासित होना होगा एवं अधिक परिश्रम करना होगा। सबसे महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि आपको प्रतिस्पर्धा अपने आप से ही करनी होगी।

आपको निरंतर सोचना होगा कि आप अपने बीते हुए कल से आज कितने बेहतर हैं। उन्हें विद्यार्थियों को आने वाली समस्त परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद दिया।

ज्ञात हो कि स्टूडेंट्स अदीबा शाहिद 97.80%, भव्य प्रताप सिंह-96.60%, आदित्य अरोड़ा-95.40%, उदिशा कंवर-95.20%, शिवी चौहान-93.80%, आरव त्यागी 93.60%, अथर्व भारद्वाज 93.40, चेतना आर्य-93.40, प्रियल यादव-93.20%, साक्षी सरधना-90.40%, शैली सिंह-90.40%, पर्व राज-90.00%, अब्दुल्ला सैफी-90.00%, फहद-90.00% अंक प्राप्त किये।

# 10वीं बोर्ड परीक्षा में छात्रों का शानदार प्रदर्शन स्कूल में खुशी की लहर

नितिन शर्मा

**नूरपुर(वेलकम इंडिया)।** 10वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित होते ही राजा का ताजपुर क्षेत्र के सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध प्रसिद्ध विद्यालय एम.डी. इंटरनेशनल सीनियर सेकंडरी स्कूल, रवाना शिकारपुर में उत्साह और गर्व का माहौल बन गया। विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के बल पर शानदार सफलता हासिल की है। विद्यालय के कक्षा 10ई के पहले ही शैक्षिक वर्ष में विद्यार्थियों ने अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम क्षेत्र में रोशन कर दिया।

इस वर्ष विद्यार्थियों ने सिर्फ परीक्षा पास नहीं की, बल्कि अपने सपनों को अंकों में बदल दिया। तुषार यादव 97% , जोनू सैनी 95.4% , कंगना शर्मा 94% , अंशिका 92.6 % ने न केवल विद्यालय में बल्कि पूरे क्षेत्र में अधिकतम अंक प्राप्त कर यह साबित कर दिया कि लगन, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से असंभव भी संभव बन जाता है।




इन शानदार परिणामों ने न केवल विद्यालय का मान बढ़ाया, बल्कि यह संदेश भी दिया कि छोटे-छोटे सपने जब मेहनत से जुड़ते हैं, तो बड़ी सफलता बन जाते हैं। विद्यालय प्रबंधक देवेन्द्र सिंह ने छात्रों की इस उपलब्धि को 'नई पीढ़ी की बड़ी उड़ान' बताते हुए कहा कि यह परिणाम आने वाले वर्षों के लिए एक प्रेरणादायक मिसाल है।

आज हर शिक्षक की आंखों में गर्व है, हर अभिभावक के चेहरे पर मुस्कान है, और हर छात्र के दिल में नए सपनों की शुरूआत है। ये सिर्फ रिजल्ट नहीं यह मेहनत की जीत और सपनों की शुरूआत है।

शिक्षकों और अभिभावकों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने कहा कि यह सफलता केवल विद्यार्थियों की ही नहीं, बल्कि शिक्षकों और अभिभावकों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है।

उन्होंने विश्वास जताया कि छात्र भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश और समाज का नाम रोशन करेंगे।

विद्यालय प्रबंधन ने मेधावी छात्रों को सम्मानित करने की घोषणा करते हुए कहा कि यह उपलब्धि आने वाले छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। यह परिणाम केवल अंक नहीं, बल्कि मेहनत, लगन और सपनों की जीत का प्रतीक है।

# श्रीदेवराहा बाबा योग निकेतन में द्विदिवसीय वार्षिकोत्सव 19 व 20 अप्रैल को

डॉ. गोपाल चतुर्वेदी



**वृन्दावन(वेलकम इंडिया )।** परिक्रमा मार्ग-बैकुंठ नगर क्षेत्र स्थित श्रीदेवराहा बाबा योग निकेतन में अक्षय तृतीया के अवसर में द्विदिवसीय वार्षिकोत्सव 19 व 20 अप्रैल 2026 पर्यन्त संत शिरोमणि स्वामी रामकेवल दास महाराज के पावन सानिध्य अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया गया है।

जानकारी देते हुए 'यूपी रत्न' डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि महंत स्वामी शिवदत्त प्रपन्नाचार्य महाराज की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले इस महोत्सव का शुभारंभ 19 अप्रैल को प्रातः 05 बजे अखण्ड श्रीराम चरित मानस पाठ के साथ होगा। इसके अलावा सायं 04 बजे से सरस भजन संध्या आयोजित होगी। जिसमें कई प्रख्यात भजन गायक अपनी सुमधुर वाणी के द्वारा भजनों की प्रस्तुति देंगे।

20 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से वृहद सन्त-विद्वत संगोष्ठी का आयोजन होगा। जिसमें कई प्रख्यात सन्त, विद्वान व धमार्चार्य आदि भाग लेंगे। तपश्चात महंतों व महामण्डलेश्वरों का सम्मान एवं संत, ब्रजवासी वैष्णव सेवा (वृहद भंडारा) के साथ महोत्सव का समापन होगा।

महाराजश्री के परम कृपापात्र प्रमोद पाल (मुंबई), विनम्र कुमार मिश्र, द्वजेंदु प्रकाश त्रिपाठी एवं शिल्पी त्रिपाठी आदि ने सभी भक्तों-श्रद्धालुओं से इस महोत्सव में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

# देवांग त्यागी बने आर आर पब्लिक स्कूल के टॉपर



नितिन शर्मा

**नूरपुर(वेलकम इंडिया)।** आर आर पब्लिक स्कूल के छात्र देवांग त्यागी ने सीबीएसई की दसवीं कक्षा में 97.8% अंक पाकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र देवांग त्यागी ने स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्कूल के शिक्षकों का आभार व्यक्त किया और अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया। उनका कहना है कि वे शिक्षकों के सहयोग से ही नियमित तैयारी कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफल हुए हैं। सीबीएसई द्वारा दसवीं कक्षा के घोषित परीक्षा परिणाम के अनुसार स्योहारा रोड़ स्थित आर आर पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता के अनुसार स्कूल के 17 बच्चों ने 98 से 90 प्रतिशत 20 बच्चों ने 90 से 80 प्रतिशत 45 बच्चों ने 80 से 75 प्रतिशत अंक हासिल किए। दसवीं कक्षा में देवांग त्यागी ने 98% अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।

श्रग्वी वत्स ने 95.8% अंक हासिल कर द्वितीय, मनुश्री कंधालिया व सार्थक चौहान ने 95 .2% अंक हासिल कर संयुक्त रूप से तृतीय , शिवांग राजपूत ने 94.2 % प्रतिशत अंक हासिल कर चौथा व कुलदीप सिंह ने 93.8% प्रतिशत अंक हासिल कर पांचवां स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त मनुश्री एवं गुरप्रीत कौर ने अंग्रेजी में 100 अंक, देवांग त्यागी ने सामाजिक विज्ञान में 100 अंक, सार्थक चौहान ने विज्ञान में 100 अंक तथा श्रग्वी वत्स ने सूचना प्रौद्योगिकी में 100 अंक प्राप्त कर अपने शिक्षकों एवं विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

स्कूल के चेयरमैन डा० मनुजेन्द्र गुप्ता ने स्कूल का नाम रोशन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधन ने मीठाई खिलाकर बधाई और शुभकामनाएं भेंट की। इस दौरान स्कूल के उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह, संजीव डबास, विरेन्द्र चौहान , नीरज त्यागी, मुकुल शर्मा, स्वाति यादव, चंचल कटारिया, गौरव चौहान आदि मौजूद रहे

# नंदगांव की रहुनमा नोडल एआरपी ने शिक्षा विभाग की छवि को किया धूमिल



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा/नंदगांव।** विकास खंड नंदगांव की रहनुमाई करने वाली वर्तमान एआरपी मैडम भारती यादव बेशर्म महिला बनकर रह गई हैं। विदित है कि गत माह 23 मार्च को एक प्रधानाध्यापक को गाली गलौज करने वाली महिला को यहां तक सब्र नहीं हुआ कि वह महिला आयोग के दरवाजे तक पहुंच गई है।

ग्राम पंचायत नगला जरैला के कथित ग्रामीणों का कहना है कि उक्त चरित्र हीन महिला छात्रों की पढ़ाई के समय पुलिस को पहुंचा रही है तो यह शिक्षा विभाग में कार्यरत हो नहीं सकती।

बुधवार को दो पुलिस कांस्टेबल इस बात को लेकर प्रधानाध्यापक के पास पहुंचे कि आपको सीओ सर ने बुलाया है। इस बात पर प्रधानाध्यापक की हिम्मत तो देखिए कि उन्होंने उक्त कांस्टेबल को कहा कि इस समय पढ़ाई-लिखाई का कार्य संचालित है। मैं उसके उपरांत ही आऊंगा। उसके उपरांत करीब 4 बजे प्रधानाध्यापक के बयान दर्ज किए गए और सकुशल घर पहुंचने के उपरांत उक्त महिला के शिकायती पत्र को बारीकी से समझा।

# सपनों ने ली उड़ान: डी. एस. एम. लायंस पब्लिक स्कूल की छात्रा भाविका गुप्ता 93% अंक के साथ बनी स्कूल टॉपर

## भाविका गुप्ता को कंप्यूटर में मिला 99 %.



फतेह खान

**रौजागाँव(वेलकम इंडिया)।** डी. एस. एम. लायंस पब्लिक स्कूल, रौजागाँव के छात्र-छात्राओं ने इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में अधिकतम अंक हासिल कर क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

विद्यालय के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से अभिभावकों व शिक्षकों में हर्ष का माहौल है। विद्यालय की छात्रा भाविका ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। शीबा खातून 92 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं। अखंड प्रताप सिंह एवं साध्वी मिश्रा ने 89-89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसके अतिरिक्त अन्य विद्यार्थियों ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया, जिनमें अल्फिया शेख (88%), आयशा बानो (87%), अमन यादव (86%), सैयद मो. अरहम (86%), आंशिका यादव (85%), शिवम चौहान (85%), वैभव गुप्ता (85%), महिमा तिवारी (84.2%), आकृति गुप्ता (84%), अदिति द्विवेदी (83%), आरुष यादव (83%), आदर्श मौर्य (83%), आदित्य मिश्रा (82%) एवं आशुतोष मिश्रा (81%) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अधिकतम बच्चों ने 70% से 80 % के मध्य अंक प्राप्त किया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. निहाल रजा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। वहीं प्रिंसिपल डॉ. भावना मिश्रा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# डीएम और एसएसपी ने आगामी अक्षय तृतीया पर्व के संबंध में विभिन्न विभागों की तैयारियों की की समीक्षा

वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने पर्यटन थाना वृन्दावन के सभागार में अक्षय तृतीया पर्व के संबंध में विभिन्न विभागों की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक ली। पुलिस अधिकारियों ने अवगत कराया कि वृन्दावन को 3 जोन तथा 11 सेक्टर में विभाजित किया गया है तथा उसी अनुसार ड्यूटी लगाई गई है। जिलाधिकारी ने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न स्थानों पर 10 मेडिकल टीम तथा 5 एंबुलेंस लगाए। उन्होंने कहा कि वृन्दावन परिक्रमा मार्ग को सीसीटीवी कैमरों एवं पीए सिस्टम से आच्छादित किया जाए।

विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वृन्दावन परिक्रमा मार्ग तथा मंदिरों के आस-पास सभी विद्युत पोल की रैपिंग की जाए, लटके तारों को एकत्रित किया जाए तथा गर्मी के दृष्टिगत अतिरिक्त ट्रांसफार्मर सुनिश्चित किए जाए।

उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी परिक्रमा मार्ग मर नियमित दूरी पर उपस्थित रहे तथा जरूरत पड़ने पर



तत्काल मौके पर मौजूद उपस्थित हो। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं सुदृढ़ स्वास्थ्य, सुरक्षा, यातायात, साफ-सफाई, पेयजल, पार्किंग आदि व्यवस्था उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैरियर, बैरिकेडिंग, साफ सफाई, पीने के पानी की व्यवस्था आदि सुनिश्चित करे। नगर निगम को दिशा सूचक चिन्ह/ साइनेज लगाने के निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देश दिए कि गर्मी के दृष्टिगत जगह जगह पर पंखे एवं कूलर लगाए जाए। अग्नि शमन विभाग के अधिकारियों को पूर्ण तैयारी रखने के निर्देश दिए।

जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाए तथा घाटों के आस-पास सफाई सुनिश्चित करें। जूता चप्पल घर की मैपिंग करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिक भीड़ बढ़ने पर होल्डिंग एरिया बनाने के निर्देश दिए तथा होल्डिंग एरिया में मैटिंग बिछाने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्याप्त पार्किंग स्थल बनाने तथा समस्त होटल संचालकों के साथ बैठक करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ पंकज कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट अनुपम कुमार मिश्रा, एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह, एसपी यातायात मनोज कुमार, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन धीरेंद्र प्रताप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रकृति के साथ तालमेल से होगा सबका कल्याण : बोहरा

वेलकम इंडिया ब्यूरो



**बाड़मेर राजस्थान।** अबोल पक्षियों की जल सेवा को लेकर जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से गुरूवार को विशाला स्थित श्री सच्चियाय माता मन्दिर प्रांगण में जन कल्याण संस्थान के अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन एवं मन्दिर कमेटी के अध्यक्ष अशोक सिंघवी विशाला के नेतृत्व में पेड़-पौधों पर मिट्टी के परिण्डे लगाएं। संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन ने कहा कि प्राणी मात्र की सेवा व कल्याण ही संस्थान का सर्वोच्च लक्ष्य है। जिसमें संस्थान निरन्तर कार्य कर रही है। अमन ने कहा कि प्रकृति के साथ तालमेल से ही हम सबका कल्याण सम्भव है। अन्यथा हालात बुरे होने है। ऐसे में प्रकृति आधारित जीवन शैली को अपनाते हुए वर्तमान व आने वाली पीढ़ी के लिए सुखद जीवन का आधारशिला रखनी है। मन्दिर कमेटी अध्यक्ष अशोक सिंघवीं विशाला ने कहा कि श्री सच्चियाय माता मन्दिर परिसर में हरियाली तथा परिसर को सौम्य व मनोरम बनाने को लेकर शीघ्र ही सघन पौधारोपण किया जायेगा। जिसको लेकर विस्तृत चर्चा व विचार-विमर्श कार्य योजना बनाई गई। श्री सच्चियाय माता मन्दिर परिसर विशाला में सघन पौधारोपण को लेकर विस्तृत चर्चा कर कार्य योजना बनाई गई।

# हनी ट्रैप और फर्जी लोन एप के जाल में फंसा युवक, जहर खाकर दी जान

## मरने से पहले बनाए दो वीडियो, ब्लैकमेलिंग से था परेशान; परिजनों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की

**मोहसिन रहमानी**

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** सोशल मीडिया पर हनी ट्रैप और फर्जी लोन एप के जाल में फंसे एक युवक ने मानसिक रूप से परेशान होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली।

मरने से पहले युवक ने दो वीडियो बनाकर अपनी आपबीती बयां की और उन्हें अपने परिचितों को भेज दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पीड़ित परिवार ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी सुहैल पुत्र इस्लाम ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसका भाई बिलाल 27 वर्ष ने विगत14 अप्रैल को अपने दोस्तों और परिवार के लोगों को दो वीडियो भेजे थे।

वीडियो में उसने जहरीला पदार्थ खाने की बात कहते हुए बताया कि फर्जी एप और झूठे लोन के जाल ने उसकी जिंदगी नरक बना दी है। उसने यह भी कहा कि उसके इस कदम के लिए परिवार का कोई सदस्य जिम्मेदार नहीं है।

वीडियो देखने के बाद परिजनों और दोस्तों में हड़कंप मच गया। उन्होंने बिलाल से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं हो सकी। सूचना मिलते ही परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी देर बाद उसका शव गांव के खेतों में मिला। शव मिलने की सूचना पर परिवार में चीख-पुकार मच गई।

परिजनों ने बताया कि सुपुर्द-ए-खाक करने के बाद जब बिलाल के मोबाइल का लॉक खुलवाया गया तो उसके व्हाट्सएप पर आधा दर्जन पाकिस्तानी नंबरों से मैसेज मिले। इनमें उससे लोन के नाम पर रुपये मांगते हुए लगातार दबाव बनाया जा रहा था। परिजनों के अनुसार, बिलाल ने पिछले कुछ दिनों में तीन लाख रुपये से अधिक रकम अलग-अलग खातों में भेजी थी, लेकिन इसके बावजूद ब्लैकमेलर उसकी फर्जी अश्लील फोटो बनाकर उसे और उसके परिचितों को भेजने की धमकी देकर लगातार पैसे मांग रहे थे। परिजनों के मुताबिक, बिलाल की मौत के बाद भी आरोपियों द्वारा उसके मोबाइल नंबर पर कॉल और व्हाट्सएप मैसेज किए जा रहे हैं।

फर्जी अश्लील फोटो भेजकर पैसे की मांग की जा रही है और बात करने पर गाली-गलौज की जा रही है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

### मृतक के परिजनों में मचा कोहराम

मृतक बिलाल के छोटे भाई सुहैल ने बताया कि बिलाल के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं, जिनमें छह वर्षीय पुत्र आहद, तीन वर्षीय पुत्री मायरा और एक वर्षीय पुत्री मानौर शामिल हैं। घटना के बाद से माता-पिता, पत्नी, भाई-बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। लगभग 3 वर्ष पूर्व भाई परवेज की भी हादसे के दौरान दुखद मौत हो गई थी।

# किसान गोष्ठी का आयोजन कर किसानों को किया गया जागरूक

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**पकड़ी बाजार /सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** इफको और इफको एमसी के तहत गुरुवार को परसपुर गांव में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। वहीं किसान गोष्ठी के मुख्य अतिथि इफको क्षेत्रीय प्रबन्धक अधिकारी शिशुपाल रहें। एग्रीजंक्शन वन स्टॉप शॉप के संचालक अनन्त कुमार मिश्र ने स्वागत किया। किसान को सम्बोधित करते हुए कहा कि नैनो यूरिया प्लस का 500 एमएल प्रति एकड़ के तहत छिड़काव करे और यूरिया का कम प्रयोग करें और कम लागत में अच्छी उपज होगी।

इसके तहत नैनो डीएपी के बारें में विस्तार से किसानों के बीच समझाया गया। इन्होंने फार्मर रजिस्ट्री के बारें में बताते हुए कहा कि सरकारी





योजना का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा ले और कहा कि इफको के प्रोडक्ट खरीदने पर किसानों को निःशुल्क दुर्घटना बीमा भी दिया जायेगा। इफको एमसी के क्षेत्रीय अधिकारी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि किसान अपने फसल में खासकर खरपतवार का ध्यान दें। इसके अलावा जो किसान सब्जी की खेती करते है तो वे कीट पर ध्यान दें, कि आपकी फसल में कीट तो नही लग रहे है और सही समय पर दवा का छिड़काव करते रहे है। इफको एमसी की दवाइयां के बारें में जानकारी देते हुए कहा कि इफको एमसी में सही दवा और सही दाम पर मिलती है। किसान गोष्ठी में प्रधान नियाज अहमद, निसार अहमद, संजय मौर्या, घनश्याम, चन्दबली, सिकन्दर, फूलचन्द, कमरुद्दीन आदि मौजूद रहे।

# महिला ने ससुराल पक्ष पर लगाए मारपीट का आरोप



**मोहसिन रहमानी**

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** कस्बा निवासी महिला ने अपने ससुराल पक्ष के सदस्यों पर मारपीट और मानसिक उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। पीड़िता अनीता के अनुसार, उसके ससुर, देवरानी और बुआ ने उसके साथ मारपीट की और लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। गुरुवार को पीड़िता ने बताया कि पुलिस ने उसके पति को एक दिन के लिए थाने में हिरासत में रखा था। हालांकि, जब वह स्वयं थाने पहुंची और पुलिस को पूरी स्थिति से अवगत कराया, तो उसके पति को तत्काल छोड़ दिया गया।अनीता ने अपने ससुराल में असुरक्षा महसूस करने की बात कहते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। उसने आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पीड़ित महिला का परिवार के लोगों के साथ विवाद हुआ ।

# थ्रोम्बोलिसिस टेनेक्टेप्लेस इंजेक्शन से हार्ट अटैक मरीज की बचाई गई जान

## सेमरियावां क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरियावां में अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरियावां तथा नोडल अधिकारी,चिकित्सा अधिकारी तथा स्टेमी टीम द्वारा एक हार्ट अटैक मरीज का त्वरित इलाज करते हुए मरीज की जान बचाई।

यह सी एच सी सेमरियावां व क्षेत्रवासियों के लिए ऐतिहासिक पल है जो एक थ्रोम्बोलिसिस टेनेक्टेप्लेस इंजेक्शन देकर मरीज की जान बचाई गई।

इंजेक्शन लगते ही बी पी,आक्सीजन सब सामान्य होगया जिससे मरीज के चहरे पर मुस्कान वापस लौट आई। इस बड़ी उपलब्धि





के लिए अधीक्षक सामुदायिक केंद्र सेमरियावां डॉक्टर सुरेश चन्द्रा ने कहा कि जब मरीज को अस्पताल पर लाया गया तो उसकी हालत बहुत नाजुक थी इंजेक्शन लगने के बाद अब वह पहले से बहुत सही होगाई। उन्होंने कहा कि प्रार्थमिक उपचार टीम द्वारा कर दिया गया है मरीज को गोरखपुर मेडिकल कालेज में काड्योर्जी डिपार्टमेंट में भेजा जा रहा है ताकि पूर्ण इलाज हो सके। उन्होंने टीम की सराहना करते हुए कहा कि यह सेमरियावां के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है।

हमारी टीम ने समय पर और सफल उपचार देकर यह साबित किया है कि अब ग्रामीण स्तर पर भी हार्ट अटैक जैसे गंभीर मामलों का प्रभावी इलाज संभव है।

यह उपलब्धि पूरी टीम की मेहनत,समर्पण और बेहतर समन्वय का परिणाम है। आगे भी हम इसी तरह मरीजों को बेहतर और त्वरित चिकित्सा सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। उन्होंने विशेष रूप से नोडल अधिकारी डॉ. हिमांशु,डॉ.जावेद अख्तर अंसारी और स्टेमी टीम की भूमिका को सराहना की तथा इसे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक बड़ा कदम बताया।

# चेकिंग के दौरान शातिर बाइक चोर गिरफ्तार, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद



**मोहसिन रहमानी**

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान पूर्वी यमुना नहर स्थित फतेहपुर पुलिया के निकट संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की जा रही थी। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को एक युवक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया।पुलिस टीम ने जब बाइक सवार को रुकने का इशारा किया तो उसने रफ्तार बढ़ाकर मौके से भागने का प्रयास किया। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को मोटरसाइकिल सहित दबोच लिया। तलाशी और पूछताछ के दौरान युवक संतोषजनक जवाब नहीं दे सका, जिसके बाद उसे थाने लाकर सख्ती से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आसिफ पुत्र मंजूरा निवासी गांव आल्दी बताया। उसने स्वीकार किया कि बरामद मोटरसाइकिल उसने जनपद सहारनपुर से चोरी की थी। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

# सच्चे मार्ग पर चलना ही बाबा साहब जी के प्रति है सच्ची श्रद्धांजलि : अनिल चौधरी

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**पकड़ी बाजार /सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** भारत रत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयन्ती के अवसर पर विधानसभा क्षेत्र-302, शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत बैजनथा के टोला कटहा में बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और धूमधाम के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्र के अनुयायियों सहित क्षेत्रीय ग्रामीण ने किया, जिसके मुख्य अतिथि अपना दल (एस) के युवा नेता अनिल चौधरी प्रदेश सचिव (शिक्षा मंच) रहें।

नेता अनिल चौधरी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों के साथ बाबा साहब जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान अनिल चौधरी ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी के संघर्षों और समाज के शोषित, वंचित वर्गों को अधिकार





दिलाने का ऐतिहासिक योगदान दिया। उन्होंने कहा कि डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी के सिद्धान्त जीवन में हमें एक न्यायपूर्ण और सशक्त समाज की दिशा में आगे बढ़ने और उनके आदर्शों, संघर्षशील जीवन, शिक्षा, समानता और अधिकारों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देता है।

अनिल चौधरी ने नमन करते हुए बताया कि सच्चे मार्ग पर चलना ही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर डा0 भीमराव अम्बेडकर जी के अनुयायियों सहित सैकड़ों लोगों उपस्थित रहें।

# सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त प्रशासन: बिना फिटनेस और परमिट दौड़ रहे वाहनों पर होगी कड़ी कार्रवाई



**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने कड़े तेवर दिखाते हुए परिवहन विभाग और पुलिस को निर्देश दिया कि जिले की सड़कों पर बिना पंजीकरण, बिना फिटनेस और बिना परमिट के कोई भी वाहन नहीं दौड़ना चाहिए।

यदि कोई वाहन नियमों का उल्लंघन करता पाया जाए, तो उस पर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से स्कूली वाहनों की सुरक्षा पर जोर देते हुए एआरटीओ को निर्देशित किया कि सभी स्कूली बसों के फिटनेस की सघन जांच की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि ओवरलोडिंग और ओवरस्पीडिंग करने वाले वाहनों का चालान काटकर उन पर अंकुश लगाया जाए। लोक निर्माण विभाग और एनएचआई को निर्देश देते हुए डीएम ने कहा कि सड़कों पर 'ब्लैक स्पॉट' को चिह्नित कर वहां तत्काल साइन बोर्ड और गति सीमा के बोर्ड लगाए जाएं। साथ ही, धुंध व रात के समय दुर्घटनाएं रोकने के लिए सभी वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगवाना सुनिश्चित करें। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से डीएम ने 'नो हेलमेट, नो पेट्रोल' नीति को पेट्रोल पंपों पर कड़ाई से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों और आम जन से अपील की कि दुपहिया चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें।

# ग्राम रोजगार सेवकों ने किया कलम बन्द हड़ताल, बीडीओ को दिया ज्ञापन

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** प्रान्तीय आवाहन पर दिनांक 16 अप्रैल 2026 दिन गुरुवार से 25 अप्रैल 2026 तक समस्त ग्राम रोजगार सेवकों ने कलम बन्द हड़ताल करने के सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारी चन्द्रभूषण त्रिपाठी को ज्ञापन दिया है।

ज्ञापन के माध्यम से ग्राम रोजगार सेवकों के बकाया मानदेय के सम्बन्ध में दिनांक 23 मार्च 2026 एवं 01 अप्रैल 2026 को खण्ड विकास अधिकारी के द्वारा मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन दिया गया था, जिसका निस्तारण अभी तक नहीं हो पाया है।

जिससे दिनांक 16/04/2026 से दिन गुरुवार से 25/04/2026 तक प्रान्तीय आवाहन पर ग्राम रोजगार सेवक सांकेतिक कलम बन्द हड़ताल पर रहेंगे। ग्राम रोजगार



सेवकों के समस्याओं का निस्तारण न होने की दशा में समस्त ग्राम रोजगार सेवक आन्दोलनरत रहेंगे।

वहीं ब्लाक शोहरतगढ़. के समस्त ग्राम रोजगार सेवकों ने खण्ड विकास अधिकारी चन्द्रभूषण त्रिपाठी से निवेदन किया है कि प्रान्तीय नेतृत्व की दिशा-निर्देशन न मिलने तक हम लोगों पर कार्य करने के लिए किसी प्रकार का दबाव न बनाया जायें।

इस दौरान ग्राम रोजगार सेवक ब्लाक अध्यक्ष शोहरतगढ़.विजय दूबे, राजदेव पटवा, राकेश चौधरी, मु0 शमीम, अमर सहाय उपाध्याय, लवकुश पाण्डेय, सूर्य प्रकाश सिंह, रामरक्षा, दीनदयाल, रणजीत गोस्वामी, वीरेन्द्र यादव, काशीराम, सुभाषचन्द्र, दिनेश चौधरी, अम्बिका प्रसाद, श्याम, गिरजेश चौधरी, रामलखन, रविशंकर मिश्र, दिनेश कुमार, रामपाल चौधरी, राजेन्द्र शुक्ल, योगेन्द्र कुमार, सन्तोष, संजू प्रसाद, संजय कुमार, सुनील कुमार, अनीता चौहान, मीरा देवी, चन्द्रावती सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

# देशभर में इफको का नैनो उर्वरक महा अभियान शुरू, किसानों को मिलेगा आधुनिक खेती का साथ

## 19 राज्यों के 560 जिलों तक पहुंचेगा अभियान, नैनो तकनीक से खेती में बदलाव का लक्ष्य

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** इफको ने देशव्यापी नैनो उर्वरक जागरूकता महा अभियान की औपचारिक शुरूआत की। इस अभियान का शुभारंभ इफको के अध्यक्ष दिलीप संघाणी ने नई दिल्ली से पांच नैनो प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में संघाणी ने बताया कि यह अभियान देश के 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 560 जिलों तथा 3,477 तहसीलों में चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य किसानों के बीच नैनो उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देना और आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रति जागरूकता फैलाना है।

उन्होंने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की प्रेरणा से शुरू की गई है, जो





'आत्मनिर्भर भारत' और 'सहकार से समृद्धि' जैसे राष्ट्रीय अभियानों के अनुरूप है।

इफको के अनुसार, नैनो NPK लिक्विड (8-8-10) और नैनो NPK ग्रेन्युलर (20-10-10) को भारत के उर्वरक नियंत्रण आदेश (FCO) में शामिल किया जाना कृषि क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह कदम देश में उर्वरक उपयोग की दिशा बदलने में सहायक साबित होगा।

यह अभियान प्रिंट, टेलीविजन, रेडियो, आउटडोर और डिजिटल मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों के जरिए चलाया जाएगा। साथ ही किसानों को नैनो उर्वरकों के सही उपयोग, विशेषकर फोलियर स्प्रे तकनीक, के बारे में प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

संघाणी ने बताया कि इफको न केवल देश में बल्कि वैश्विक स्तर पर भी नैनो तकनीक में अपनी उपस्थिति मजबूत कर रहा है। कोयंबटूर स्थित इनोवेशन हब और ब्राजील में प्रस्तावित नैनो उर्वरक संयंत्र इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

उन्होंने नैनो उर्वरकों को खेती के लिए 'परिवर्तनकारी तकनीक' बताते हुए कहा कि इससे पारंपरिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होगी, लागत घटेगी और उत्पादन में वृद्धि होगी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी। अभियान के तहत नैनो यूरिया प्लस, नैनो DAP, नैनो NPK, नैनो जिंक और नैनो कॉपर जैसे उत्पादों का व्यापक प्रचार किया जाएगा। इफको के अनुसार, इन उत्पादों की बिक्री में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे किसानों का भरोसा बढ़ रहा है। कार्यक्रम के अंत में संघाणी ने इसे जनआंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि नैनो उर्वरक केवल एक उत्पाद नहीं, बल्कि किसानों की आय बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी माध्यम है।

# वीर सैनिक की याद में स्मारक द्वार निर्माण की मांग, एमएलसी को दिया पत्र

**मोहसिन रहमानी**

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** विकासखंड क्षेत्र के गांव पंजोखरा निवासी एक युवक ने अपने वीर वयोवृद्ध दादाजी स्वर्गीय कृष्ण पाल सिंह चौहान की स्मृति में स्मारक द्वार निर्माण की मांग उठाई है। इस संबंध में युवक द्वारा एमएलसी वीरेंद्र सिंह गुर्जर को एक पत्र सौंप कर गांव के मुख्य द्वार पर स्मारक बनवाने का अनुरोध किया गया है। गुरुवार को युवक ने पत्र में बताया कि स्वर्गीय कृष्ण पाल सिंह चौहान भारतीय सेना की 68 बख्तरबंद बटालियन में हवलदार के पद पर तैनात थे और उन्होंने वर्ष 1965 व 1971 के भारत-पाक युद्ध में सक्रिय भाग लेकर देश की सेवा की। युद्ध के दौरान उन्होंने अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए दुश्मन सेना का डटकर मुकाबला किया।युवक ने पत्र में उल्लेख किया है कि उनके दादाजी ने अपने साथियों के साथ मिलकर पाकिस्तानी सेना के पैटन टैंक को कब्जे में लेकर भारत लाने में



महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह टैंक आज भी मेरठ के कैंट क्षेत्र में स्थापित है, जो उनकी वीरता की गवाही देता है। क्षेत्र के लोग आज भी उनके शौर्य की कहानियों को गर्व के साथ याद करते हैं।पत्र में आगे कहा गया है कि स्वर्गीय कृष्ण पाल सिंह चौहान की वीरता केवल परिवार ही नहीं बल्कि पूरे गांव और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। ऐसे वीर सैनिक के सम्मान में यदि गांव के मुख्य द्वार पर उनके नाम से स्मारक द्वार का निर्माण कराया जाता है, तो यह आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति और राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करेगा। ताकि एक सच्चे वीर सैनिक को सम्मान मिल सके और उनकी स्मृतियां हमेशा जीवित रहें। एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने युवक को जल्दी स्मारक द्वार बनवाने का आश्वासन दिया है।

# पुलिस-स्वाट टीम की बड़ी कार्रवाईः मुठभेड़ में शातिर गौ तस्कर ढेर

## कुछ दिनों पूर्व सांखनी में हुई गौकशी का भी खुलासा

वेलकम इंडिया संवाददाता





**जहांगीराबाद।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार द्वारा अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान के तहत जहांगीराबाद पुलिस और स्वाट टीम देहात को बुधवार देर रात बड़ी सफलता हाथ लगी है। नवीनगर के जंगलों में हुई एक भीषण मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने शातिर गौ तस्कर आशकीन को हाफ एनकाउंटर में घायल कर गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, अंधेरे का लाभ उठाकर उसके तीन साथी मौके से फरार होने में सफल रहे।

बीती रात पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि नवीनगर के जंगलों में कुछ बदमाश गौकशी की बड़ी साजिश रच रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सीओ विकास प्रताप सिंह, कोतवाली प्रभारी सुदेश कुमार और स्वाट टीम प्रभारी राजकुमार सिंह के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने इलाके में कॉम्बिंग शुरू की। कॉम्बिग के दौरान जंगल में संदिग्धों को देखते ही पुलिस ने उन्हें आत्मसमर्पण के लिए ललकारा लेकिन खुद को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग शुरू कर दी। जिसके बाद पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी की, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी और वह वहीं गिर पड़ा, जिसे टीम ने तुरंत दबोच लिया।

घायल अवस्था में गिरफ्तार बदमाश की पहचान आशकीन पुत्र नवाब निवासी ग्राम बदरखां के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से 01 जिंदा गौवंश (जिसे कटने से बचाया गया) 01 अवैध तमंचा (315 बोर) 03 जिंदा कारतूस व गौकशी में इस्तेमाल होने वाले भारी उपकरण बरामद किया। आशकीन एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। उसके खिलाफ गौकशी, चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट और पोक्सो (POCSO) जैसे गंभीर मामलों में कई मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि हाल ही में सांखनी के जंगलों में हुई गौकशी की घटना में भी वही मुख्य आरोपी था। इस सफल ऑपरेशन में सब इंस्पेक्टर नीरज शर्मा, सौरभ, वाजिद अली सहित स्वाट टीम के नेत्रपाल राणा, मौ. इनाम और अन्य जवानों की अहम भूमिका रही।

> अपराधियों के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति जारी है। घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और फरार अन्य आरोपियों की तलाश में टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। उन्हें भी जल्द ही सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।
>
> **विकास प्रताप सिंह**
> **क्षेत्राधिकारी**

# जहांगीराबाद के मेधावियों का डंका, सीबीएसई 10वीं में छात्रों ने गाड़े सफलता के झंडे

वेलकम इंडिया संवाददाता



**जहांगीराबाद।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (उइरए) द्वारा घोषित हाईस्कूल के परीक्षा परिणामों में जहांगीराबाद के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नगर के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने शानदार अंक प्राप्त कर न केवल अपने विद्यालयों, बल्कि अपने माता-पिता और पूरे जनपद का मान बढ़ाया है। जहाँ एक तरफ नगर के बिन्नेर देवी रोड स्थित बी.के. पब्लिक स्कूल के छात्र निखिल कुमार ने 99.00% अंक हासिल कर रिकॉर्ड तोड़ सफलता प्राप्त की है। निखिल की इस उपलब्धि से स्कूल और परिवार में खुशी का माहौल है। स्कूल के प्रबंधक नरेंद्र शर्मा और प्रधानाचार्या डॉ. रीता शर्मा ने मेधावियों के विवरण साझा करते हुए कहा कि बच्चों की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने सभी सफल छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।वहीं दूसरी तरफ नगर के चान्दौक दोराहे के समीप स्थित जे.बी.जी इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी मेधा को सिद्ध किया है। स्कूल के छात्र हेमंत कुमार ने 97.8% अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया, जबकि छात्रा लूमा जेहरा ने 92.4% अंक पाकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या प्रिया माहेश्वरी ने मेधावियों को बधाई देते हुए कहा प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं की मेहनत, लगन और अनुशासन ने यह साबित कर दिया है कि सच्ची मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। इन बच्चों ने विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य बनाए रखा और आज परिणाम सबके सामने है।

# डीएम ने पीसीएफ के क्रय केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



वेलकम इंडिया संवाददाता

**शिकारपुर।** गुरुवार को निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी श्रुति ने बहुउद्देश्यीय प्राथमिक ग्रामीण समिति (बी पैक्स) हजरतपुर के भवन में संचालित पीसीएफ के क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया करते हुए केंद्र पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। केन्द्र पर निरीक्षण के समय तक कोई भी खरीद नहीं होने के सम्बन्ध में केंद्र प्रभारी शेरसिंह द्वारा बताया गया। आज ही एक किसान के द्वारा केंद्र पर गेहूं विक्रय के लिए लाया गया है। समिति पर निरीक्षण के समय तैनात कोई भी स्टाफ उपस्थित नहीं मिलने तथा गेहूं खरीद के कार्य को गंभीरता से नहीं लेने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए समिति पर तैनात सभी कर्मचारियों के स्पष्टीकरण लेकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी शिकारपुर, मंडी सचिव उपस्थित रहे।

# जहांगीराबाद से गाजियाबाद तक अनोखा 'केला बुके' बना चर्चा का विषय

वेलकम इंडिया संवाददाता





**जहांगीराबाद/गाजियाबाद।** जहांगीराबाद स्थित निर्मल पहलवान ढाबे पर बैठकर बातचीत के दौरान एक अनोखा वाकया सामने आया, जिसने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। बताया जाता है कि जहांगीराबाद के निर्मल पहलवान ढाबे पर बैठे गौरव बंसल का अचानक गाजियाबाद जाने का कार्यक्रम बना। उन्होंने अपनी पत्नी अनुजा बंसल से मुलाकात के लिए फूलों का बुके ले जाने की इच्छा जताई। इस पर ढाबे के स्वामी सोनू लोधी ने कहा, बाबूजी, इस समय फूलों की सभी दुकानें बंद हो चुकी होंगी। इसी दौरान ढाबे पर मौजूद उनके मित्र नीरज शर्मा ने मुस्कुराते हुए सुझाव दिया कि बाबूजी, केले का बुके तैयार कर भाभी को भेंट करो।

फिर क्या था गौरव ने तुरंत सीढ़ी लगाई गई, पेड़ से कच्चे केले तोड़े गए और तैयार हो गया एक अनोखा केला बुके गाजियाबाद पहुंचकर जब यह बुके पत्नी अनुजा बंसल को भेंट किया गया, तो यह सरप्राइज और भी खास बन गया और घर में खुशी का माहौल बन गया।

इस अनोखे गिफ्ट की खास बात यह रही कि जहां फूल कुछ समय में मुरझा जाते हैं, वहीं कच्चे केले का उपयोग बाद में स्वादिष्ट व्यंजन बनाने में किया जा सकता है। और अब तो इस कहानी में असली तड़का भी लग चुका है घर पर इन्हीं कच्चे केले की मसालेदार, चटपटी और बेहद स्वादिष्ट सब्जी बन रही है, जिसकी खुशबू ही सबका मन मोह ले सच में, ऐसा गिफ्ट जो दिल भी जीत ले और स्वाद भी बढ़ा दे! इस पूरे घटनाक्रम के लिए निर्मल पहलवान ढाबे के स्वामी सोनू लोधी और मित्र नीरज शर्मा का विशेष आभार व्यक्त किया गया। यह अनोखा केला बुके अब इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# थाना खुर्जा देहात पुलिस द्वारा शातिर अभियुक्त को किया गया जिलाबदर



वेलकम इंडिया संवाददाता

**खुर्जा।** थाना खुर्जा देहात पुलिस द्वारा अभियुक्त पंकज कुमार पुत्र मीर सिंह निवासी ग्राम नंगला शेखू थाना खुर्जा देहात के विरूद्ध गुंडा एक्ट की कार्यवाही की गयी थी। जिसको जिलाधिकारी द्वारा जिलाबदर घोषित किया गया। एसएसपी दिनेश कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में गुरुवार को थाना खुर्जा देहात पुलिस द्वारा जिला बदर अपराधी के विरूद्ध उसके निवास के स्थान पर मुनादी कराते हुए 06 माह के लिए जनपद की सीमा से बाहर किया गया हैं। जिला बदर अपराधी पंकज कुमार उपरोक्त के विरूद्ध थाना खुर्जा देहात पर पूर्व से मारपीट आदि के कुल 04 अभियोग पंजीकृत हैं।

# डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई

## प्रतियोगिता में विजेता रहे छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

उज्जवल रस्तौगी



**मेरठ(वेलकम इंडिया)।** जनपद के भावनपुर क्षेत्र स्थित लडपुरा गांव में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति, लडपुरा के तत्वावधान में बड़े उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में शिक्षा, समानता और जागरूकता का संदेश प्रसारित करना रहा। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें सामान्य ज्ञान, नृत्य, कविता, गायन एवं कला प्रतियोगिताएं प्रमुख रहीं। इन प्रतियोगिताओं में क्षेत्र के अनेक छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा भी की गई। सब जूनियर वर्ग में गार्गी ने प्रथम, कृष्णा ने द्वितीय तथा ईशानी, पलक और अक्षय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में सिद्धार्थ गौतम प्रथम, रवि कुमार द्वितीय और परी गौतम तृतीय स्थान पर रहे। वहीं सीनियर वर्ग में मुस्कान ने प्रथम, संध्या ने द्वितीय और सादिया ने तृतीय स्थान हासिल किया। सभी विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र, ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अंबेडकर के विचारों पर भी प्रकाश डाला गया और उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया गया। इस मौके पर प्रिंस कुमार, गौरव कुमार, अखिल गौतम, कृष्ण कुमार, नितिन कुमार, विनय, शेखर, विकास, डॉ. सुधीर, अंकुश एवं अंकुश जाटव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# मौसम साफ होते हुए ही फसल उठाने में लगा किसान बाजार में छाया सन्नाटा

#वेलकम इंडिया संवाददाता



**बुगरसी।** कई वर्षों से हो रही बेमौसम बरसात ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता बढा रखी है। गेहूं की फसल खेतों में तैयार खडी थी कि अचानक हुई बरसात ने किसान को बहुत नुक्सान पहुंचाया है।

किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। अब दो दिनों से मौसम साफ तेज धूप निकलने से किसानों के चहरे खिले हैं।

फसल को घर ले जाने के लिए किसान परिवार सहित रात दिन खेतों में लगे हैं। किसान भूदेव त्यागी ने बताया कि फसल के खेतों में गिरने से गेहूं का दाना काला पड गया है जिससे निकट भविष्य में आर्थिक हानि का सामना करना पड सकता है।

फसल को खेत से घर तक पहुंचाने में लागत भी बढ गई है। अब दो दिनों से मौसम साफ और तेज धूप से किसानों को आस जगी है। बारिश के कारण गेहूं की गुणवत्ता पर भी असर पड रहा है।

खेती कार्य में लगे किसानों के कारण बाजारों में भी सन्नाटा छाया हुआ है।

व्यापारी अभिषेक का कहना है कि पहले सारे दिन बाजार में भीड़ लगी रहती थी अब जबसे किसान फसल निकालने में लगा हुआ है बाजार में सन्नाटा पसरा है।

अब तो सुबह शाम को थोडी बहुत चहल पहल हो जाती है। ग्रामीण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था खेतों पर ही निर्भर है जैसे ही खेतो में काम शुरू हो जाता है बाजार पर भी असर पड जाता है। आगे आने वाले दिनों में फसल का काम खत्म होने के बाद बाजारों में रौनक लौटने की उम्मीद जगी है।

# श्री आदित्य नारायण सिंह पब्लिक स्कूल चोलापुर, वाराणसी सी0बी0एस0ई0 बोर्ड कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

संदीप तिवारी




**वाराणसी मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** नई दिल्ली द्वारा बुधवार को घोषित सी.बी.एस.ई कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किया जिसमें श्री आदित्य नारायण सिंह पब्लिक स्कूल, चोलापुर के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का मान बढ़ाया। इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।विद्यालय के कुल छह विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल किया। जबकि 20 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को साबित किया।प्राप्त अंकों के आधार पर उत्कर्ष कुमार सिंह ने 94 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं वैभवी सिंह ने 93 और सागर यादव ने 91.2 अंक हासिल कर क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।अन्य प्रमुख सफल विद्यार्थियों में अंशिका बरनवाल (90), सक्षम पटेल (90), शिवम यादव (90), नितिन नाई (89.2), सौम्या सेठ (89), पवन गिरी (88.6), आकृति मौर्य (88), किशन यादव (86.4), वर्षा कनौजिया (85), अनुष्का गोस्वामी (85), शिवांश सिंह (85), रितिका सिंह (82), दर्शन सोनी (82), स्मिता अवतार (81.8), आदित्य सेठ (81), सृजन पटेल (80.4) तथा हर्ष श्रीवास्तव (80) शामिल रहे।

विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार सिंह एवं सहायक निदेशिका दिव्या सिंह ने इस उत्कृष्ट परिणाम पर सभी विद्यार्थियों को बधाई दिया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य संतोष कुमार सिंह ने सभी विद्याथीर्यों को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर रिजल्ट की बधाई दी एवं कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनके निरंतर परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे इसी तरह आगे भी मेहनत करते रहें, उच्च लक्ष्य निर्धारित करें और देश-समाज के लिए प्रेरणादायक बनते हुए अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करें।

> ● 94% अंक के साथ उत्कर्ष बने टॉपर, 6 छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर बढ़ाया विद्यालय का मान

# छात्रा ने अपहरण और दुष्कर्म का लगाया आरोप, रिपोर्ट दर्ज



वेलकम इंडिया संवाददाता

**शिकारपुर।** नगर क्षेत्र के एक कॉलेज की छात्रा ने अपहरण और दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए पुलिस में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव की 22 वर्षीय छात्रा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि गत 15 अप्रैल को उसका एक युवक द्वारा शिकारपुर में अनूपशहर बस स्टैण्ड से आगे कार में बैठाकर नारियल पानी में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाकर अपहरण कर लिया गया। छात्रा ने दुष्कर्म का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। सूत्रों से पता लगा है कि पीड़िता एवं अपहरण और दुष्कर्म का आरोपी पूर्व में लंबे समय से एक दूसरे से परिचित रहे हैं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक यज्ञदत्त शर्मा ने बताया है कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी के खिलाफ संबंधित कार्यवाही की जा रही है।

# डीएम ने गौशाला का किया औचक निरीक्षण व्यवस्थाओं का लिया जायजा





वेलकम इंडिया संवाददाता

**शिकारपुर।** गुरुवार को नगर पालिका शिकारपुर द्वारा मंडी परिसर में संचालित अस्थाई गौशाला का जिलाधिकारी श्रुति ने औचक निरीक्षण करते हुए गौवंशो के भरण पोषण के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गौशाला में 212 गौवंश संरक्षित है जिनकी देखरेख के लिए केयरटेकर तैनात है। गौवंशो के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि गौवंशो के लिए पेयजल की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए टब इत्यादि से नहीं। नियमित साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराए।सभी गौवंशो की ईयर टैगिंग की जाए। गौवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए आवश्यकतानुसार उपचार दिया जाये। गौशाला में बनाए जाने वाले सभी रजिस्टर को अद्यतन रखा जाए।

साईं मंदिर के समीप नगर पालिका के द्वारा निमार्णाधीन स्थाई गौशाला का भी जिलाधिकारी ने निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली। ईओ नगर पालिका नीतू सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि गौशाला का निर्माण कार्य 01 वर्ष पूर्व किया जाना निर्धारित था लेकिन ठेकेदार द्वारा अभी तक कार्य पूरा नहीं किया गया है। जिलाधिकारी ने इस संबंध में कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित ठेकेदार को चेतावनी देते हुए 30 अप्रैल तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। यदि इसके बाद भी कार्य पूरा नहीं किया जाता है तो ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। गौशाला के निर्माण कार्य में देरी के लिए ईओ नगर पालिका शिकारपुर को नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए कहा कि उनके द्वारा सही प्रकार से पर्यवेक्षण नहीं किए जाने तथा संबंधित ठेकेदार के विरूद्ध कार्य पूर्ण कराने के लिए की गई कार्यवाही के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अरुण कुमार वर्मा शिकारपुर, ईओ नीतू सिंह नगर पालिका शिकारपुर सहित सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# परबेन्दर देशवाल ने गेहूं क्रय केंद्रों पर आ रही किसानों की जन समस्याओं से जिलाध्यक्ष को कराया अवगत



वेलकम इंडिया संवाददाता

**शिकारपुर।** गेहूं क्रय केंद्रों में गति लाने के लिए जिलाध्यक्ष को अवगत कराया गया है गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष विकास चौहान से मिलकर के परबेन्दर देशवाल व रामू राघव कीरतपुर ने उनको जिले में लगे 115 गेहूं के क्रय केंद्र लगे हुए हैं जिनमें से कुछ क्रय केंद्र तो अभी किसान का गेहूं खरीद नही रहे हैं लगभग 80% केंद्र ने अभी गेहूं खरीद चालू नहीं की किसान कभी क्रय केंद्र पर लेबर का ना होना कभी वारदाने का ना होना बताया जाता है मजबूरन किसान अपना गेहूं एमएसपी से नीचे मंडी में अपनी जरूरत के लिए बेचना पड़ रहा है इन सारी बातों से जिलाध्यक्ष को अवगत कराया और गेहूं के क्रय केंद्रों पर किसान के सम्मुख कोई समस्या ना आए जिले में लगे सभी कय केंद्र अपनी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें और तीव्र गति से किसान का गेहूं खरीदा जाए ताकि किसान को सरकार द्वारा गेहूं पर दी गई एमएसपी का फायदा उठा सके जिलाध्यक्ष विकास चौहान ने इन सभी किसान के सम्मुख आ रही समस्याओं से डीएम को अवगत कराया।

# सम्मान अभियान 2026 के अंतर्गत विधानसभा संगोष्ठी सम्पन्न

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** भारतीय जनता पार्टी, जिला गाज़ियाबाद द्वारा सम्मान अभियान 2026 के अंतर्गत विधानसभा मोदीनगर में भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती अभियान के अवसर पर छतरी वाला मंदिर, मोदीनगर में एक संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चैनपाल सिंह ने की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मंजू शिवाच (विधायक, मोदीनगर) एवं विनोद वैशाली (अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, मोदीनगर) की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संयोजन जिला मंत्री श्रीमती सुधा जाटव द्वारा किया गया। संगोष्ठी के दौरान विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा, समानता एवं सामाजिक न्याय का अद्वितीय उदाहरण है।

उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग को अधिकार एवं सम्मान दिलाने का कार्य किया तथा संविधान के माध्यम से राष्ट्र को सशक्त आधार प्रदान किया। वक्ताओं ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के विचारों, उनके सामाजिक समरसता के संदेश एवं संविधान निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला तथा उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

संगोष्ठी में पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल, गन्ना समिति के चेयरमैन राजन चौधरी, जिला सहकारी चेयरमैन कृष्णवीर सिंह, पूर्व विधायक पं. सुदेश शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु उपस्थित सभी सम्मानित सभासदों, मंडल अध्यक्षों एवं उनकी कार्यकारिणी, समर्पित कार्यकताओं तथा गणमान्य व्यक्तियों का हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया गया।

# शिक्षा इंटरनेशनल स्कूल का सीबीएसई दसवीं बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत रिजल्ट रहा

**अनिल वशिष्ठ**




**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** शिक्षा इंटरनेशनल स्कूल निवाड़ी का सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में अलग-अलग विषयों में शत प्रतिशत रहा।

विद्यार्थियों ने 100 में 100 अंक प्राप्त कर स्कूल का गौरव बढ़ाया है, अन्य विषयों में भी बच्चों ने जोरदार प्रदर्शन किया है।

स्कूल के अध्यक्ष नीरज त्यागी ने विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा की सभी बच्चों ने उम्मीद से ज्यादा उम्दा प्रदर्शन कर स्कूल के साथ-साथ स्कूल एवं शहर का गौरव बढ़ाया है।

# मिशन शक्ति कार्यक्रमों की श्रृंखला में छात्राओं को किया जागरूक



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज मोदीनगर में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर पूनम शर्मा के निर्देशन में प्रदेश में महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान स्वावलंबन हेतु मिशन शक्ति कार्यक्रमों की श्रृंखला में एनसीसी प्रभारी मिस मंजू कनौजिया द्वारा छात्राओं को सुप्रीम कोर्ट की विशाखा गाइडलाइन के अनुसार महिलाओं के यौन उत्पीड़न पर रोक लगाने संबंधी अवांछनीय व्यवहारों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया।

जागरूकता अभियान में एनसीसी की छात्राओं द्वारा महाविद्यालय की सभी छात्राओं को शारीरिक संपर्क, यौन संबंधी अवांछित प्रतिक्रिया, अश्लील साहित्य दिखाना इत्यादि को लेकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने बड़े उत्साह से प्रतिभाग किया

# गिन्नी देवी मोदी इंस्टीट्यूट में आंबेडकर जयंती पर प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के पावन अवसर पर गिन्नी देवी मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में एक भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों एवं गणमान्य व्यक्तियों द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई।

इस अवसर पर डॉ. के.एन. मोदी यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. पी.एन. ऋषिकेशा एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. दीपांकर शर्मा तथा महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. एकता भारद्वाज सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने अपनी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का उद्देश्य डॉ. आंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष और सामाजिक न्याय के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना तथा विद्यार्थियों में शिक्षा, समानता और संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा।

अपने संबोधन में डॉ. मंजू शिवाच ने कहा कि 'डॉ. आंबेडकर का जीवन प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणा का स्रोत है। शिक्षा और समान अवसर ही समाज को सशक्त बनाते हैं।'

वहीं ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह ने बाबा साहेब के संघर्षों को आज भी प्रासंगिक बताते हुए युवाओं से उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। पूर्व चेयरमैन अशोक माहेश्वरी ने शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम बताते हुए विद्यार्थियों को संविधान के मूल्यों पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सुमन चौधरी (जिला अध्यक्ष लोकदल) एवं पिंकी चौधरी (सदस्य लोकदल) सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, भाषण, कविताएँ एवं संविधान पर आधारित सामूहिक पाठ प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के सहयोग से संपन्न हुआ। अंत में प्राचार्या डॉ. एकता भारद्वाज ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए वंदेमातरम् एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

# ट्रिनिटी इंटरनेशन पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत प्रतिशत रहा



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** ट्रिनिटी इंटरनेशन पब्लिक स्कूल के कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।विद्यालय के छात्र/छात्राओं ने न केवल उत्तीर्णता में बल्कि उच्च अंकों के साथ विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

इस वर्ष विद्यालय की टॉपर अर्पिता कुमारी ने 91.2% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान शौर्य कुमार (80.8%) एवं तृतीय स्थान मयंक कुमार (79.2%) ने प्राप्त किया।इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों के सहयोग एवं विद्यालय के समर्पित शिक्षकों के मार्गदर्शन को जाता है। विशेष रूप से विद्यालय के प्रबंधक डॉ संदीप रोहिला एवं संचालिका श्रीमती रीतू गोयल जी के अथक प्रयासों तथा पूर्ण समर्थन ने इस परिणाम को संभव बनाया है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रूपल रस्तोगी जी ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शिक्षकों की सराहना की और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# एसआरएम आईएसटी मोदीनगर में 'मेगा जॉब फेयर 2026' का आयोजन 17 अप्रैल को

## 34 से अधिक कंपनियां देंगी रोजगार के अवसर

**अनिल वशिष्ठ**




**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस, मोदीनगर में 'मेगा जॉब फेयर 2026' के आयोजन को लेकर संस्थान के डीन डॉ. आर.पी. महापात्रा एवं डीन, आईक्यूएसी डॉ. धौम्या भट्ट ने मीडिया को मेले से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

उन्होंने बताया कि 'मेगा जॉब फेयर 2026' का आयोजन 17 अप्रैल (शुक्रवार) को प्रातः 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक संस्थान परिसर में किया जाएगा। यह आयोजन नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर करियर सर्विस (नोएडा) एवं श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से किया जा रहा है।

जिसमें 34 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेकर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। इस जॉब फेयर में एनसीआर क्षेत्र के 18 से 32 वर्ष आयु वर्ग के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं।

यह मेला सभी शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों के लिए खुला है। डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर एवं अन्य व्यावसायिक डिग्री धारक अभ्यर्थी अपनी योग्यता एवं प्रतिभा के अनुसार विभिन्न कंपनियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। संस्थान के मीडिया प्रभारी डॉ. नितिन धामा ने पत्रकार वार्ता में पहुंचे सभी मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आयोजन की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने में मीडिया के सकारात्मक सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# राजेन्द्र नगर में चला जीडीए का बुलडोजर, अवैध निमार्णों पर कड़ी कार्रवाई

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**गाजियाबाद।** अवैध निर्माण और अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने राजेन्द्र नगर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की। उपाध्यक्ष के निर्देश पर आज प्रवर्तन जोन-07 की टीम ने विभिन्न स्थानों पर अवैध निमार्णों को ध्वस्त किया। कार्रवाई के दौरान भूखण्ड संख्या 4/13, सेक्टर-5, राजेन्द्र नगर (साहिबाबाद) में बेसमेंट और स्टिल्ट में बनाई जा रही 16 अवैध दुकानों को तोड़ा गया। इसके अलावा भूखण्ड संख्या 2/14 और 2/16, सेक्टर-2, राजेन्द्र नगर में मम्टी के बराबर बनाए गए अतिरिक्त कमरों को भी ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण अभियान के समय मौके पर सहायक अभियंता, अवर अभियंता, प्रवर्तन जोन-07 का स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल और प्रवर्तन दस्ता मौजूद रहा। पूरी कार्रवाई प्रशासनिक निगरानी में शांतिपूर्वक संपन्न कराई गई। जीडीए अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अवैध निमार्णों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण एवं सीलिंग की कार्रवाई लगातार की जाएगी।

# टीआरएम पब्लिक स्कूल हाईस्कूल परीक्षा परीक्षा परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा

**अनिल वशिष्ठ**




**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार माहेश्वरी , गौरव माहेश्वरी एवं श्रीमती राधिका माहेश्वरी, तथा प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी ओहरी द्वारा सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएँ एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ प्रदान की गईं। यह उपलब्धि विद्यार्थियों के अथक परिश्रम, शिक्षकगण के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय परिवार को इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर गर्व है। इस वर्ष कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा, जिसमें कुल परिणाम लगभग 98% रहा। यह सफलता विद्यालय की उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता एवं अनुशासित वातावरण का प्रमाण है। विद्यालय समस्त छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है तथा आशा करता है कि वे इसी प्रकार निरंतर प्रगति करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में नई-नई उपलब्धियाँ प्राप्त करेंगे।

# ऑपरेशन प्रहार के तहत बड़ी कार्रवाई: अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जनपद में अपराध एवं अवैध शस्त्रों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन प्रहार' के अंतर्गत थाना लोनी पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। दिनांक 15 अप्रैल 2026 को थाना लोनी पुलिस द्वारा क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था।

इसी दौरान पुलिस टीम ने एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान हिमांशु पांचाल पुत्र मनोज के रूप में हुई, जो वर्तमान में कावेरी सिटी फेस-1, आईसीडी गेट के पास, बंथला थाना लोनी क्षेत्र का निवासी है। उसका मूल निवास ग्राम निरपुड़, जनपद बागपत बताया गया है। आरोपी की उम्र करीब 21 वर्ष है। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा (.315 बोर) तथा एक जिंदा कारतूस (.315 बोर) बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर आरोपी के विरुद्ध थाना लोनी पर तत्काल धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी से पूछताछ कर अवैध शस्त्रों के स्रोत की जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

## पुलिस का संदेश

अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत ऐसे तत्वों पर लगातार नजर रखी जा रही है, जिससे जनपद में कानून-व्यवस्था मजबूत बनी रहे।

# सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में लहराया सफलता का परचम

**अनिल वशिष्ठ**




**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है कि सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (उइरए) हाई स्कूल परीक्षा 2025 में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय की छात्रा मिश्वा यादव ने 95.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया और स्कूल टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस प्रकार रहा–प्रथम स्थान झ मिश्वा यादव झ 95.2%,द्वितीय स्थान झ सक्षम शर्मा झ 94.2%,तृतीय स्थान झ वंशिका चौधरी झ 93%, तृतीय स्थान झ चेतना गुप्ता झ 93%, विराज सिंह झ 92.4%, अनुभव शर्मा झ 92%, नंदिनी शर्मा झ 91.4%, नैना रानी झ 91%,आरव पंवार झ 91%,चंचल झ 90%,देव कश्यप झ 90%,दृष्टि शर्मा झ 90%

विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और अध्यापकों के मार्गदर्शन में यह सफलता प्राप्त की। इस शानदार परिणाम ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और श्रेष्ठ शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।विद्यालय के प्रबंधक श्री तुषार गुप्ता एवं डॉ. शिखा दरबारी ने सभी छात्र-छात्राओं, अध्यापिकाओं और अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की निष्ठा और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का प्रतिफल है। हमें अपने विद्यार्थियों पर गर्व है। हम आशा करते हैं कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगे और विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सरिता सिंधु ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों की यह सफलता उनके समर्पण, नियमित अभ्यास और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय सदैव बच्चों के सर्वांगीण विकास, नैतिक मूल्यों और शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए समर्पित रहा है। हमें विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी भविष्य में भी अपने लक्ष्य प्राप्त कर समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में दिव्यांगजनों का प्रदर्शन, कलेक्ट्रेट के बाहर सड़क जाम





**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर दिव्यांगजनों ने स्मार्ट मीटर के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की, जिससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद उन्हें कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि बिजली बिल अनियमित रूप से बढ़कर आ रहे हैं और मीटर रीडिंग में पारदर्शिता की कमी है। साथ ही, तकनीकी खामियों के चलते बिजली आपूर्ति भी बाधित हो रही है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। दिव्यांगजनों ने बताया कि वे पहले भी अपनी समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन दे चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। इसी के चलते उन्हें मजबूर होकर सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करना पड़ा। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया और उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने कहा कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। प्रदर्शन के कारण कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा, हालांकि प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद स्थिति सामान्य हो गई।

# कनावनी झुग्गी बस्ती में भीषण अग्निकांड, 22 दमकलों की मशक्कत के बाद आग पर काबू

कपिल चौहान






**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के कनावनी गांव स्थित झुग्गी-झोपड़ी बस्ती में गुरुवार दोपहर भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी विकराल थी कि कुछ ही समय में पूरी बस्ती को अपनी चपेट में ले लिया और दूर-दूर तक काले धुएं का गुबार दिखाई देने लगा।

फायर स्टेशन वैशाली कंट्रोल रूम को दोपहर 12:17 बजे सूचना मिलते ही वैशाली, साहिबाबाद और कोतवाली समेत कई फायर स्टेशनों से दमकल गाड़ियां तुरंत मौके के लिए रवाना की गईं।

हालात की गंभीरता को देखते हुए मोदीनगर, लोनी और जनपद गौतमबुद्ध नगर से भी अतिरिक्त फायर टेंडर बुलाए गए। मौके पर पहुंची दमकल टीमों ने पाया कि टीन शेड से बनी झुग्गियां आग की लपटों में घिरी हुई हैं और अंदर रखे गैस सिलेंडरों में लगातार विस्फोट हो रहे हैं, जिससे आग और तेजी से फैल रही थी। दमकल कर्मियों ने चारों तरफ से पानी की बौछार कर कड़ी मशक्कत शुरू की। कुल 22 फायर टेंडरों, नगर निगम के हाई प्रेशर टैंकरों और निजी संस्थानों की मदद से करीब 2 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया।

इसके बाद मलबे में दबी आग को बुझाने और अत्यधिक गर्म स्थानों पर कूलिंग का कार्य जारी रखा गया, जो शाम 4 बजे तक चलता रहा। घटना की सूचना पर जिलाधिकारी और पुलिस उपायुक्त (ट्रांस हिंडन) सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्यों की निगरानी की।

पुलिस, फायर सर्विस, सिविल डिफेंस और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीमों ने रेस्क्यू और सर्च अभियान चलाया। सौभाग्य से इस भीषण हादसे में किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है। हालांकि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार करीब 125 से अधिक झुग्गियां, स्क्रैप के गोदाम और एक डॉग शेल्टर जलकर राख हो गए हैं।

फिलहाल नुकसान का आकलन करने के लिए संबंधित विभागों द्वारा सर्वे किया जा रहा है, जबकि आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। प्रशासन के अनुसार स्थिति अब पूरी तरह नियंत्रण में है, जबकि एहतियातन कूलिंग का कार्य अभी भी जारी है।

# महामाया स्टेडियम को मिलेगा नया रूप, खेल मंत्री ने किया निरीक्षण–विकास कार्य तेज करने के निर्देश

वेलकम इंडिया संवाददाता




**गाजियाबाद।** जिले के महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम के कायाकल्प की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गिरीश चन्द यादव ने स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को लंबित कार्यों को शीघ्र और गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के सख्त निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार मॉंदड़ एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल भी मौजूद रहे। खेल मंत्री ने स्टेडियम में हॉकी एस्ट्रोटर्फ, बड़े हॉल में फ्लोरिंग, खिड़की-दरवाजे और विद्युत कार्यों से संबंधित प्रस्ताव जल्द से जल्द खेल निदेशालय को भेजने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्टेडियम में सिंथेटिक रनिंग ट्रैक, बाउंड्री वॉल निर्माण और अन्य खेल अवस्थापनाओं के जीर्णोद्धार कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने पर जोर दिया। साथ ही निर्माण कार्य कर रही संस्था को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि जिले के खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

खेल मंत्री ने स्पष्ट कहा कि स्टेडियम के सभी निर्माण कार्य जल्द पूरे हों, जिससे स्थानीय बालक-बालिका खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाओं का लाभ मिल सके। इस संबंध में अधिशासी अभियंता, यूपी सिडको को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशासन का मानना है कि इन कार्यों के पूर्ण होने के बाद महामाया स्टेडियम जिले में खेल गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा।

# ऑपरेशन प्रहार के तहत गाजियाबाद पुलिस का बड़ा अभियान छात्रों को नशा व अवैध हथियारों से दूर रहने का संदेश

वेलकम इंडिया संवाददाता




**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन प्रहार' के अंतर्गत आज विश्व भारती पब्लिक स्कूल, क्रॉसिंग रिपब्लिक में एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस आयुक्त के निर्देशन में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे और अवैध गतिविधियों के दुष्परिणामों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में सहायक पुलिस आयुक्त वेव सिटी श्रीमती लियाश्री पाल, थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस टीम सहित अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान लगभग 300 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और कार्यक्रम का लाभ उठाया। पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि उसके भविष्य और समाज के विकास में भी गंभीर बाधा उत्पन्न करता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे, अवैध हथियारों और किसी भी प्रकार की गैरकानूनी गतिविधियों से दूर रहें तथा समाज के प्रति अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएं। इस जागरूकता अभियान के माध्यम से पुलिस ने छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया और नशा मुक्त एवं सुरक्षित गाजियाबाद के निर्माण में सहयोग करने का आह्वान किया।

# खोड़ा-मकनपुर में विकास की नई धारा: जलापूर्ति पाइपलाइन का शिलान्यास, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण






वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** नगर पालिका परिषद खोड़ा-मकनपुर क्षेत्र में आज विकास कार्यों को नई गति मिली, जब उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं साहिबाबाद विधायक सुनील कुमार शर्मा तथा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने संयुक्त रूप से विभिन्न वार्डों में जलापूर्ति हेतु पाइपलाइन विस्तार कार्य का शिलान्यास किया। साथ ही वार्ड-26 में प्राथमिक चिकित्सा केंद्र का लोकार्पण भी किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि खोड़ा-मकनपुर क्षेत्र में पेयजल की समस्या को समाप्त करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहा है। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन विस्तार कार्य केवल एक परियोजना नहीं, बल्कि हर घर तक स्वच्छ और पर्याप्त जल पहुंचाने का संकल्प है।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में क्षेत्र में पानी की समस्या पूरी तरह समाप्त हो जाएगी और प्रत्येक नागरिक को नियमित पेयजल उपलब्ध होगा।

उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'हर घर जल' के विजन को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में तेजी से धरातल पर उतारा जा रहा है। पहले जहां लोगों को पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी या टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ता था, अब घर-घर नल से जल पहुंचाने का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।

स्वास्थ्य सुविधाओं पर जोर देते हुए मंत्री ने वार्ड-26 में प्राथमिक चिकित्सा केंद्र के लोकार्पण को क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताया।

उन्होंने कहा कि इस केंद्र के शुरू होने से स्थानीय लोगों को छोटी-बड़ी बीमारियों के इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और समय पर उपचार मिल सकेगा।

राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि खोड़ा पेयजल आपूर्ति योजना (प्रथम चरण) का शिलान्यास क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक कदम है। यह परियोजना वर्षों पुरानी जल समस्या के समाधान में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर घर तक शुद्ध जल पहुंचाना और नागरिकों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी गाजियाबाद रविन्द्र कुमार, उपजिलाधिकारी अरुण दीक्षित, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित विक्रम, डॉ. राकेश गुप्ता, ज्ञानेन्द्र मिश्र, शैलेंद्र सिंह (अधिशासी अधिकारी, खोड़ा) सहित नगर पालिका के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# चोरी की वारदात का खुलासा: लोनी बॉर्डर पुलिस ने 3 शातिर चोर दबोचे, चोरी की बाइक बरामद

वेलकम इंडिया संवाददाता



**गाजियाबाद।** थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मोटरसाइकिल चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 15 अप्रैल 2026 को थाना लोनी बॉर्डर पर एक व्यक्ति द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी कि अज्ञात चोर उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए हैं। इस पर पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की। जांच के दौरान सक्रिय पुलिस टीम ने 16 अप्रैल 2026 को कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नदीम (24 वर्ष) निवासी बेहटा हाजीपुर, सोहेब (21 वर्ष) निवासी पावी थाना ट्रोनिका सिटी, तथा साहिब (19 वर्ष) निवासी मैवाती चौक बेहटा हाजीपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई है। बरामदगी एवं साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की भी वृद्धि की गई है। फिलहाल पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस सफलता को लेकर क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली की सराहना की जा रही है।

# रजिस्ट्री-नामांतरण शिविर में तेजी: तीसरे दिन 99 मामलों का निस्तारण, आवंटियों को बड़ी राहत

वेलकम इंडिया संवाददाता




**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा आयोजित रजिस्ट्री एवं नामांतरण विशेष शिविर में तीसरे दिन उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई। शिविर में बड़ी संख्या में आवंटियों ने भाग लेकर अपनी लंबित समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। प्राधिकरण की ओर से त्वरित और पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए कुल 99 प्रकरणों का सफल निस्तारण किया गया, जिससे आवंटियों को बड़ी राहत मिली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रजिस्ट्री से जुड़े 44 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 37 प्रधानमंत्री आवास योजना (PMA) और 07 सामान्य योजना के अंतर्गत थे। इन पर तेजी से कार्यवाही करते हुए 34 आवंटियों की रजिस्ट्री अनुमोदन के लिए पत्रावलियां प्रेषित की गईं। वहीं 22 मामलों में रजिस्ट्री शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए गए और 19 आवेदन पंजीकरण कार्यालय भेजे गए।

नामांतरण (नाम दर्ज) के मामलों में भी प्राधिकरण ने सक्रियता दिखाई। इस श्रेणी में 06 नए आवेदन प्राप्त हुए, जबकि पूर्व में लंबित मामलों में से 24 प्रकरणों का निस्तारण कर प्रमाण पत्र जारी किए गए। शिविर की प्रक्रिया को और गति देने के लिए प्राधिकरण ने रजिस्ट्री लिपिकों को 17 व 18 अप्रैल को अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि रजिस्ट्री पत्रों को समयबद्ध तरीके से तैयार किया जा सके। इसके बाद तैयार दस्तावेजों को 20, 21 व 22 अप्रैल को पंजीकरण कार्यालय में प्रस्तुत कर विधिवत पंजीकरण कराया जाएगा। प्राधिकरण ने सभी आवंटियों से अपील की है कि वे इस विशेष शिविर का अधिकतम लाभ उठाकर अपनी लंबित समस्याओं का शीघ्र समाधान कराएं।

# स्वच्छता की ओर गाजियाबाद का मजबूत कदम: डोर-टू-डोर कलेक्शन से बदल रही तस्वीर




वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर निगम ने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण सेवा को पूरे क्षेत्र में नियमित रूप से संचालित कर रखा है, जिससे नागरिकों को घर बैठे ही कचरा निस्तारण की सुविधा मिल रही है।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए प्रत्येक वार्ड में कचरा संग्रहण वाहनों की नियमित निगरानी की जा रही है। साथ ही, यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी क्षेत्र इस सेवा से वंचित न रहे। निगम द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने घरों का कचरा इधर-उधर न फेंकें, बल्कि केवल निर्धारित कचरा वाहन को ही दें। इसके साथ ही गीले और सूखे कचरे का पृथक्करण करने की आदत अपनाएं, ताकि कचरे का सही तरीके से निस्तारण और पुनर्चक्रण किया जा सके। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझते हुए छोटे-छोटे प्रयास करे, तो शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना आसान हो जाएगा। नगर निगम का कहना है कि 'आपकी छोटी सी पहल, गाजियाबाद को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने में बड़ा योगदान दे सकती है।' स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग हासिल करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे इन अभियानों में जनसहभागिता को सबसे महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# लोनी में परशुराम प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा: डिप्टी सीएम का संबोधन, विपक्ष पर तीखा हमला

कपिल चौहान




**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** लोनी क्षेत्र के इंदिरापुरी में भगवान परशुराम जी की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री ने मंच से उपस्थित जनसमूह का अभिवादन करते हुए सनातन संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी सम्मान सर्वोपरि है और केंद्र सरकार ने महिलाओं को अधिकार व सम्मान दिलाने की दिशा में ठोस कार्य किए हैं। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों की सराहना करते हुए महिला सशक्तिकरण को सरकार की प्राथमिकता बताया। राजनीतिक मुद्दों पर बोलते हुए बृजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस 'एक ही थाली के चट्टे-बट्टे' हैं और दोनों दलों ने हमेशा महिला आरक्षण का विरोध किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि संसद में महिला आरक्षण बिल आने पर पहले भी सपा ने विरोध किया था, जबकि वर्तमान में प्रधानमंत्री मोदी इसे धरातल पर उतारने का काम कर रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 'आधी आबादी' के अधिकारों को अब और नहीं रोका जा सकता और महिलाएं हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था को मजबूत बताते हुए कहा कि बेटियों के खिलाफ अपराध करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। महिला आरक्षण और जनगणना के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि जनगणना की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और हर घर की गणना की जा रही है। उन्होंने विपक्ष पर मुद्दों को भटकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण का प्रावधान संविधान में नहीं है।

मुस्लिम महिला आरक्षण और पीडीए की राजनीति पर भी उन्होंने विपक्ष को घेरते हुए कहा कि यह केवल भ्रम फैलाने की कोशिश है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि पीडीए कोई सामाजिक आंदोलन नहीं बल्कि 'प्राइवेट लिमिटेड कंपनी' की तरह संचालित हो रहा है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही।